● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 231, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 03 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



अब रामदास आठवले भी दिखा रहे तेवर, मांगी 10 सीटे 5

बुमराह फिर बने नम्बर-1 टेस्ट गेंदबाज बने 6

## पीएम ने ग्वालियर में अत्याधुनिक गौशाला के साथ निर्मित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र का किया वर्चुअली शुभारंभ

### महान विभूतियों के नाम पर भोपाल के मार्गों पर स्थापित किए जाएंगे द्वार : डॉ. यादव

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत दिवस-2024 समारोह में नई दिल्ली से मध्यप्रदेश को अनेक विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने ग्वालियर में बनी देश की पहली आधुनिक और आत्म-निर्भर गौ-शाला और परिसर में निर्मित कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र का वर्चुअली शुभारंभ भी किया। स्वच्छता दिवस पर कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के राज्य स्तरीय समापन समारोह में स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना में 685 करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाओं का भूमि-पूजन और लोकार्पण हुआ। साथ ही नगर निगम भोपाल के



उपकरणों तथा विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और अमृत योजना अंतर्गत प्रदेश के लिए 685 करोड़ रूपए की लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं के भूमि-पूजन और लोकार्पण के लिए आभार माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस अवसर पर आदर्श गौ-शाला ग्वालियर के 100 टन क्षमता बॉयो सीएनजी प्लांट का वर्चुअल शुभारंभ भी किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिक व संस्थाओं को सम्मानित किया। स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में नगर निगम उज्जैन को थ्री-स्टार रेटिंग मिलने पर उज्जैन के 2 हजार 115 सफाई मित्रों को प्रोत्साहन स्वरूप 3-3 हजार रुपये की राशि प्रदान करने के लिए 63 लाख 45 हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक से नगर निगम उज्जैन को अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के स्वच्छता मित्रों से वर्चुअली आत्मीय संवाद किया तथा कार्य के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगर निगम शासकीय सेवा में कर्तव्य पालन के दौरान दिवंगत 26 कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर निगम के 125 नए डोर-टू-डोर सीएनजी वाहनों, 6 नए हुक लोडर, दो श्रेडर मशीन तथा एक लिटर पिकिंग मशीन का अवलोकन किया तथा मंच से झंडी दिखाकर उनका लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किप्रदेश के इतिहास से जुड़ी महान विभूतियों के नाम पर भोपाल के मार्गों पर द्वार स्थापित किए जाएंगे। भारतीय संस्कृति से जुड़े महापुरुषों भगवान राम, राजा भोज, राजा विक्रमादित्य, सम्राट अशोक आदि के नाम पर इन द्वारों का नामकरण किया जाएगा। भोपाल नगर निगम द्वारा विकसित किए जा रहे नमो-उपवन को राज्य शासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

## लेबनान में 2 किमी तक घुसे इजराइली सैनिक, हिजबुल्लाह से भिड़े



**तेल अवीव।** लेबनान के दक्षिणी इलाके में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी जमीनी लड़ाई में बुधवार (2 अक्टूबर) को इजराइली सेना 2 किमी अंदर मरून अल-रस गांव पहुंच गई है। बीबीसी के मुताबिक, यहां इजराइली सैनिकों की हिजबुल्लाह के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई। आमने-सामने की इस लड़ाई में अब तक इजराइल के 8 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हुए हैं। इजराइल लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, ईरान और यमन में हूतियों से लड़ाई लड़ रहा है। मंगलवार रात ईरान ने इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइल दागी थीं। हालांकि, इजराइल के मुताबिक, ईरान ने उस पर 180 मिसाइलों से हमला किया था। इजराइली डिफेंस फोर्स ने बताया कि हमला मोसाद हेडक्वार्टर, नेवातिम एयरबेस और तेल नोफ एयरबेस को निशाना बनाकर किया गया था। ईरान की ज्यादातर मिसाइलों को इजराइल के डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया था।

ईरान के हमले के बाद इजराइल ने यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरेस के इजराइल आने पर रोक लगा दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि यूएन चीफ ने ईरान के हमलों की निंदा नहीं की, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने एक विस्फोटक डिवाइस की मदद से कई इजराइली सैनिकों को मार गिराया है। अलजजीरा के मुताबिक हिजबुल्लाह ने यह हमला दक्षिणी लेबनान के यारून इलाके में किया। हालांकि, इजराइल की तरफ से अब तक ऐसे किसी हमले की पुष्टि नहीं की गई है। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में देश के सभी सिक्योरिटी चीफ्स के साथ बैठक की। बैठक का मकसद ईरान के मिसाइल हमले का जवाब देने के लिए रणनीति तय करना था। इस मीटिंग में नेतन्याहू के साथ रक्षा मंत्री योव गैलेंट, मोसाद डायरेक्टर डेविड बार्निया, आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ हर्जी हालेवी और शिन बेत के हेड रोनेन बार शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री आवास खाली करेंगे दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल

### लुटियंस दिल्ली में घर फाइनल हुआ, 4 अक्टूबर को शिफ्ट होंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए नई दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में घर फाइनल हो गया है। वे 4 अक्टूबर को फ्लैगस्टाफ रोड पर मुख्यमंत्री आवास खाली करके नए घर में शिफ्ट हो जाएंगे। आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले केजरीवाल ने कहा था कि वे नवरात्रि के दौरान मुख्यमंत्री आवास खाली कर देंगे। पार्टी ने बताया कि केजरीवाल मंडी हाउस के पास फिरोजशाह रोड पर आप



के राज्यसभा सांसदों को आवंटित दो बंगलों में से एक में रहने जा सकते हैं। बंगले पार्टी मुख्यालय से कुछ मीटर की दूरी पर हैं। दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने से पहले वे गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में रहते थे। केजरीवाल ने इस महीने की शुरुआत में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि मैंने अग्निपरीक्षा देने के लिए इस्तीफा दिया है और जब तक लोग मुझे ईमानदारी का प्रमाण पत्र नहीं दे देते, तब तक वे पद पर नहीं लौटूंगा। इससे बाद पार्टी ने केंद्र सरकार से मांग की थी कि एक नेशनल पार्टी के प्रमुख के तौर पर केजरीवाल को आवास मुहैया कराया जाए। हालांकि, दिल्ली में विधायकों को सरकारी आवास आवंटित नहीं किए जाते हैं। केजरीवाल भी अब सिर्फ नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

## स्वच्छता दिवस कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र

**भोपाल।** भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुए स्वच्छता कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी, स्वच्छता उपकरण और ट्रिपल-आर ऑन व्हील आकर्षण का केन्द्र रहे। स्वच्छता दिवस का कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने नगर निगम भोपाल के सफाई कार्य में लगे उपकरण, ट्रिपल-आर ऑन व्हील और अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर बनाई गई सामग्री का अवलोकन किया।

## दिल्ली में 560 किग्रा कोकीन जब्त, कीमत 2000 करोड़

### 4 तस्कर गिरफ्तार, पुलिस को 2 महीने पहले इसकी जानकारी मिली थी

**दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बुधवार को एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश किया। पुलिस ने साउथ दिल्ली के महरौली से 560 किलोग्राम कोकीन जब्त की। अंतराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 2000 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी हाशिमी मोहम्मद वारिस और अब्दुल नायब के पास से 400 ग्राम हेरोइन और 160 ग्राम कोकीन



बरामद की। राजधानी में अब तक का सबसे बड़ा पर्दाफाश दिल्ली में कोकीन जब्ती का इसे अब तक का सबसे बड़ा केस माना जा रहा है। पुलिस इस सिंडिकेट का पता लगाने के लिए पिछले दो महीने से काम कर रही थी। तब पुलिस को ड्रग्स सप्लाई का इनपुट मिला था। ये तस्कर इस ड्रग को राजधानी और एनसीआर में खपाने की कोशिश में थे। गोदाम में छिपा रखी थी ड्रग्स स्पेशल सेल प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया- एक आरोपी का नाम तुषार गोयल है। यह दिल्ली के वसंत विहार का रहने वाला है। उसके दो दोस्त हिमांशु और औरंगजेब भी साथ थे। तीनों आरोपियों को कुर्ला वेस्ट से रिसीवर भरत जैन के साथ पकड़ा गया। तुषार, हिमांशु और औरंगजेब के पास से करीब 15 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई।

## गुजरात के बनासकांठा में एआईएफ का नया स्टेशन बनेगा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की सीमा से सिर्फ 130 किमी दूर गुजरात बनासकांठा जिले में स्थित डीसा शहर में भारतीय वायुसेना का नया स्टेशन बनेगा। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने डिसा एयरबेस पर उपलब्ध रनवे का सर्वेक्षण किया, जिसे ओब्सटेकल लिमिटेशन सरफेस सर्वे के रूप में जाना जाता है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने इस सर्वे का काम सिंगापुर की एक निजी कंपनी को सौंपा है। उसी के तहत सिंगापुर से डीए-62 प्रकार का एक छोटा विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचा।

## बिहार में बाढ़ राहत में जुटे एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर का इंजन फेल, पानी में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** बिहार में बाढ़ राहत में लगे एयरफोर्स के एक हेलिकॉप्टर का बुधवार को इंजन फेल हो गया। मुजफ्फरपुर जिले के औराई में पायलट ने पानी में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। हेलिकॉप्टर सीतामढ़ी से बाढ़ राहत सामग्री लेकर जा रहा था। इसमें 2 पायलट और 2 जवान सवार थे, जो सुरक्षित हैं। उन्हें मामूली चोट आई है। एयरफोर्स ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

नेपाल में भारी बारिश की वजह से बिहार की कई नदियां उफान पर हैं। 16 जिलों की करीब 10 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, दरभंगा में हालात बेहद खराब हैं। वहीं, देश में मानसून सीजन अब खत्म होने वाला है। दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों को छोड़कर किसी राज्य में बारिश का अलर्ट नहीं है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर खत्म हो गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान के कई जिलों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। मंगलवार को गंगानगर, फलोदी में सबसे ज्यादा 39.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

## मणिपुर के उखरुल में हिंसा, 3 की मौत, 10 से ज्यादा घायल

### जमीन विवाद में दो पक्षों में फायरिंग, चुराचांदपुर में उग्रवादी की हत्या

**नई दिल्ली।** मणिपुर के उखरुल जिले में बुधवार को नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है।

पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग-अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक जमीन पर अपना दावा करते हैं।



स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है। चुराचांदपुर में उग्रवादी की गोली मारकर हत्या दूसरी तरफ, चुराचांदपुर जिले के लीशांग गांव के पास मंगलवार को अज्ञात लोगों ने एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के टाउन कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जिले के कपरंग गांव के निवासी सेखोहाओ हाओकिप के रूप में की गई।

पुलिस ने बताया कि मृतक यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी का सदस्य था। घटना कल सुबह 12:15 बजे चुराचांदपुर में टोरबुंग बंगले से करीब 1.5 किमी दूर हुई। पुलिस ने हाओकिप के शव को चुराचांदपुर मेडिकल कॉलेज के मॉर्चुरी में रखवा दिया है। थौबल में 48 घंटे का बंद, जनजीवन प्रभावित इधर, मणिपुर के थौबल जिले में उग्रवादियों द्वारा दो युवकों की किडनैपिंग के विरोध में जॉइंट एक्शन कमेटी ने 48 घंटे का बंद बुलाया था। इससे मंगलवार, 1 अक्टूबर को सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।

पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने 27 सितंबर को दो स्थानीय युवकों का अपहरण कर लिया था।

## पुणे में हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 लोगों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बावधन में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें दो पायलट और एक इंजीनियर सवार थे। तीनों की मौत हो गई। घटना बावधन में केके कंस्ट्रक्शन हिल के पास सुबह करीब 6:45 बजे हुई।

पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ के डीसीपी विशाल गायकवाड़ ने बताया कि हेलिकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के हेलिपैड से मुंबई के जुहू के लिए उड़ान भरी थी। करीब 10 मिनट बाद 1.5 किमी दूर जाकर हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसा पहाड़ी इलाके में हुआ। वहां सुबह के समय घना कोहरा था। क्रैश होने के बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई। पुणे चीफ फायर ऑफिसर देवेन्द्र प्रभाकर पोटफोडे ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए दो एम्बुलेंस और चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। हेलिकॉप्टर के सभी हिस्से बिखर गए थे। आग सुलग रही थी।

हेलिकॉप्टर हेरिटेज एविएशन नाम की प्राइवेट कंपनी का था। दोनों पायलट और इंजीनियर की पहचान अभी नहीं हो सकी है। डीसीपी विशाल ने बताया कि दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। डीजीसीए मामले की जांच करेगा।

## हाथ में तिरंगा लेकर सिद्धारमैया के जूते खोलने पर विवाद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया एक नए विवाद में घिर गए हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि एक कांग्रेस कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लेकर सिद्धारमैया के जूते उतार रहा है। मामला बुधवार का है। सिद्धारमैया बेंगलुरु में महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में आए थे। इस दौरान महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से पहले एक कार्यकर्ता सिद्धारमैया का जूता उतारने में मदद करने लगा। वह अपने हाथ से जूते का फीता खोलने लगा, इस दौरान वह अपने हाथ में एक छोटा तिरंगा भी पकड़े था। थोड़ी देर में सीएम सिद्धारमैया की सुरक्षा में तैनात एक कर्मचारी ने उसके हाथ से झंडा ले लिया।

## ट्रम्प के उप-राष्ट्रपति उम्मीदवार ने जीती डिबेट



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बुधवार (भारतीय समय के मुताबिक) को उपराष्ट्रपति उम्मीदवारों के बीच बहस हुई। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार टिम वॉल्ज और रिपब्लिकन कैंडिडेट जेडी वेंस ने 90 मिनट तक डिबेट की। डिबेट सीबीएस न्यूज ने आयोजित कराई थी।

डिबेट के बाद हुए पोल्स में डोनाल्ड ट्रम्प के साथी उम्मीदवार जेडी वेंस को जीता बताया गया। सीबीएस यूगॉव पोल के मुताबिक 42% लोगों ने वेंस को डिबेट का विजेता माना है। वहीं, 41% लोगों ने माना कि टिम वॉल्ज की जीत हुई। 17% लोगों ने माना कि मुकाबला बराबरी पर रहा।

बीबीसी के मुताबिक वॉल्ज की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन बाद में उन्होंने अच्छा कमबैक किया। वहीं, कई एक्सपर्ट्स ने कहा कि रिपब्लिकन उम्मीदवार वेंस ने सीधे शब्दों में अपनी बातें रखीं। उन्होंने वॉल्ज के वादों को लेकर कहा कि अभी डेमोक्रिटक पार्टी की सरकार है। वे जो वादे कर रहे हैं वो उन्हें इस कार्यकाल में पूरा कर सकते थे।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए 5 नवंबर को चुनाव हैं। दोनों प्रमुख पार्टियों की ये आखिरी डिबेट थी। राष्ट्रपति पद के लिए अब तक दो डिबेट हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पहली बहस के बाद रेस से बाहर हो गए थे। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने उनकी जगह ली और ट्रम्प के साथ दूसरी बहस में हिस्सा लिया था।

## हिन्दी, भावों की अभिव्यक्ति और मातृभूमि पर मर-मिटने की भक्ति है : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हिन्दी, माँ भारती के मस्तक की बिंदी है। यह सिर्फ भाषा नहीं, भावों की अभिव्यक्ति और मातृ भूमि पर मर मिटने की भक्ति है। हिंदी के सतत् विकास, समृद्धि और प्रसार के लिए क्षेत्रीय शब्दों का हिन्दीकरण और सरलीकरण जरूरी है। राज्यपाल श्री पटेल मध्यप्रदेश राष्ट्र भाषा प्रचार समिति द्वारा आयोजित हिन्दी भाषी साहित्यकार और हिन्दी सेवा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सम्मानित लेखकों, प्रशासनिक अधिकारियों, हिन्दी सेवा साधकों और युवा साहित्यकारों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी का प्रसार अहिंदी भाषी राज्यों सहित विदेशों में भी बढ़ा है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिन्दी भाषा की लोकप्रियता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व मंचों पर जब अपनी बात हिंदी में रखते हैं तो सम्पूर्ण विश्व बड़े ध्यान से सुनता है। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में अध्ययन-अध्यापन के अवसर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश इंजीनियरिंग और चिकित्सा जैसे वैज्ञानिक विषयों की सम्पूर्ण पढ़ाई हिंदी में कराने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश राष्ट्र भाषा प्रचार समिति महात्मा गांधी जी के हिंदी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता के सपने को पूरा करने की दिशा में प्रयासरत है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हमें अहिंदी भाषियों की हिन्दी के प्रति रूचि बढ़ाने, उनकी कठिनाईयों को समझना होगा। उसका समाधान करना होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अहिंदी भाषियों को जोड़ कर हिंदी में चर्चा के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयासों पर भी चिंतन किया जाना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हिंदी को वैश्विक बनाने और लोगों की रुचि बढ़ाने वेब-साइट और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग की सम्भावनाओं पर चिंतन किया जाना चाहिए। हिंदी के भाषायी विकास में योगदान देने वालों और हिंदी के क्षेत्र में व्यावसायिक उपलब्धियां प्राप्त करने वालों के सम्मान की पहल भी जरूरी है। राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में हिन्दी सेवी सम्मान-2024 प्रदान किया। उन्होंने अलग-अलग श्रेणियों में साहित्यकारों, प्रशासनिक अधिकारियों और हिन्दी सेवा साधकों को सम्मानित किया। पुरस्कारों में हिन्दीतर भाषी हिन्दी सेवी, विशिष्ट हिन्दी सेवी सम्मान, स्थापित सम्मान और युवा साहित्यकारों के लिए सम्मान शामिल रहे। राज्यपाल श्री पटेल ने मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। श्री पटेल का प्रचार समिति ने पुष्प-गुच्छ से स्वागत, शॉल और श्रीफल से अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्हें समिति की मासिक पत्रिका भी भेंट की गई।

# स्वच्छता अभियान को बनाए जन आंदोलन : विधायक

## स्वच्छता दिवस पर स्वच्छता मित्रों को किया गया सम्मानित

**सीधी।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन को स्वच्छता दिवस के रूप में पूरे जिले में मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का अयोजन विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह की अध्यक्षता में अटल ऑडोटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों तथा स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान के लिए विद्यालयों, संस्थाओं तथा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन एवं अमृत योजना अंतर्गत 685 करोड़ रूपये की परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उपस्थित जनों ने स्वच्छता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी उद्बोधन को देखा और सुना।




जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक श्रीमती पाठक ने स्वच्छता शपथ तथा नशा मुक्त समाज की शपथ उपस्थित जनों तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को दिखाई। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 10 वर्ष पूर्व जो स्वच्छता की अलख जगाई थी उसके सकारात्मक परिणाम हमें अपने चारों ओर दिख रहें है। अब इस स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर जन आंदोलन बनाना हमारी जिम्मेदारी है। जैसे हम अपने घरों को स्वच्छ रखते हैं उसी प्रकार अपने परिवेश को भी स्वच्छ रखें। देश स्वच्छ होगा तभी स्वस्थ होगा और आगे बढ़ेगा । इसी मंशा के साथ प्रधानमंत्री जी ने देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने स्वच्छ भारत अभियान को प्राथमिकता दी। इसी प्रकार सभी नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी समझें। विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को समझाइस देते हुए विधायक ने कहा कि आप देश का भविष्य है। आप अपनी विरासत अपनी धरोहर को संभालें। स्वच्छता की छोटी-छोटी आदतें भी बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों से भी अपील की कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान देना भी आवश्यक है। उन्हें देश का एक सजग नागरिक बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है।

विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए हमारे समाज का हमारे वातावरण का नशे के चंगुल से मुक्त होना आवश्यक है। नशा ही नाश की जड़ है। यदि हम नशे के चंगुल में फंस गए तो इससे निकलने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है। विधायक ने कहा कि अपने जीवन को सुरक्षित रखने का अधिकार हमारा है इसलिए नशे से दूर रहें तथा अपने मन, विचार तथा वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखें।

जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में जिले के सभी नागरिकों को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम इस अभियान को अनवरत रूप से जारी रखेंगे तथा स्वच्छता को अपने स्वभाव में शामिल करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा अतिथियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया, जिसमें सफाई मित्र राजेन्द्र भारती, रामचरण भारती एवं शिव हरिजन को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति समुंद्रे, द्वितीय स्थान श्रेया समुंद्रे एवं तृतीय स्थान सोनाली भारती को दिया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में जन सहभागिता हेतु मानिंद शेर अली खान एवं जयवीर सिंह को सम्मानित किया गया। मानव श्रृंखला एक पेड़ माँ के नाम के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीधी को, मानव श्रृंखला स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ के लिए सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़रिया को, मानव श्रृंखला स्वच्छता निबंध स्वच्छता चित्रकला के लिए अरविंदो हायर सेकेण्डरी स्कूल सीधी को एवं स्वच्छता नृत्य कला के लिए मॉरिसन पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल सीधी को सम्मानित किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत अशोक तिवारी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत जिले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को विस्तारपूर्वक बताया गया। उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा एवं शुभादेवी कोल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, पुनीत नारायण शुक्ला, विश्वबंधुधर द्विवेदी, सुधीर शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गोपालपुर में सुजल शक्ति अभियान में ग्रामीणों ने ली स्वच्छता शपथ



**सीधी।** स्वच्छता दिवस पर कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी त्रिलोक सिंह वरकड़े के मार्गदर्शन में सरपंच रीता सिंह की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड चुरहट अंतर्गत विकासखंड रामपुर नैकिन के ग्राम गोपालपुर में 28 सितम्बर से 02 अक्टूबर सुजल शक्ति अभियान अंतर्गत जल गुणवत्ता परीक्षण, जल शुल्क, जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई एवं घर-घर संपर्क कर पानी व्यर्थ न बहाने एवं समय पर जलकर देने के लिए प्रेरित किया गया एवं शपथ दिलाई गई। इस तारतम्य में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गोपालपुर ग्राम के ग्रामीणों द्वारा ग्राम में जल जागरूकता रैली निकाली गई। ग्रामवासियों को पेयजल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया एवं पेयजल परीक्षण करने हेतु फील्ड टेस्ट किट प्रदान की गई। ग्राम सभा में सुचारू पेयजल व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीणों को कार्यपालन यंत्री त्रिलोक सिंह वरकड़े द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया एवं स्वच्छता शपथ दिलाई गई। उक्त समस्त कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड चुरहट अतुल मिश्रा की अगुआई में किया गया।

उक्त अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जिला समन्वयक प्रमोद दुबे, उपयंत्री नरेंद्र प्रताप सिंह, कृष्कान्त चतुर्वेदी, विकासखंड समन्वयक राकेश रतन सिंह, अविनाश माकोड़े एवं अन्य कर्मचारियों के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## ब्लैक स्पॉट रूपांतरण के लिए नगर पालिका सीधी को किया गया पुरस्कृत

**सीधी।** हमार सीधी नाम से ही अपनेपन का एहसास प्रतीत होता है। इसे और भी चरितार्थ कर दिया नगरपालिका परिषद सीधी ने। जी हां एक कहानी ब्लैक स्पॉट का रूपांतरण कर सुंदर समृद्ध सेल्फी प्वाइंट बनाने का है। कलेक्ट्रेट चौराहे पर एक गंदा स्थल जहां ढेर सारा कूड़ा, पत्थर एवं ओपन यूरिनेशन बना था। नगर पालिका परिषद सीधी ने इस स्थल को चयनित कर सुंदर बनाने का निर्णय किया। तत्पश्चात स्थल की सफाई कर पेवर ब्लॉक द्वारा



नीचे सतह पर एक समान बराबर स्थल तैयार कर हमार सीधी का लाइट द्वारा एक सेल्फी प्वाइंट तैयार कराया गया। कल जो गंदगी का स्थल बदबू एवं घृणा से लोग परेशान थे। आज वहां सेल्फी लेकर वहां की तथा नगर पालिका परिषद सीधी की तारीफ करते नहीं थकते। इसे कहते हैं सीधी की नीति - ''हमार सीधी'' मेरा शहर मेरी शान।

उक्त प्रयास के लिए कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी को पुरस्कृत किया गया।

## विधायक ने किया वेस्ट टू वंडर सखी कैफे का शुभारंभ

**सीधी।** कबाड़ से जुगाड़ से जुड़ती हुई कड़ी सीधी की ताकत ही नहीं एक बहुत ही बड़ा हौसला और संकेत दे रही है। लगातार सतत प्रयास स्वच्छता की ओर निश्चित ही एक नए आयाम पर पहुंचेगी। नगर पालिका परिषद सीधी में पुराना कबाड़ पड़ा हुआ एम्बुलेंस जो सदियों से कबाड़ खाने में पड़ा हुआ। आज नई जिंदगी जीने हौसले के साथ खड़ा है। इसे वेस्ट टू वंडर सखी कैफे के रूप में रूपांतरित कर दिया गया है। स्वच्छता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज द्वारा सखी कैफे का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका परिषद के प्रयासों की सराहना की गई।

इस कबाड़ से जुगाड़ का नया आयाम निश्चित ही एक नवाचार का संदेश देता हुआ यह पुराना बहुत ही पुराना एंबुलेंस जिसे पुनरू नया जीवन देकर स्वसहायता समूह की भागीदारी द्वारा एक वेस्ट टू वंडर सखी कैफे चलाया जाएगा।

## जिला न्यायालय परिसर में हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान

**सीधी।** उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर सीधी में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत बुधवार 02 अक्टूबर 2024 को जिला न्यायालय परिसर की सफाई न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगण द्वारा गई। उक्त अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। उक्त कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मुकेश कुमार, सचिव जिला विधिक



सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वश्री, सोनू जैन, श्रीमती शोभना मीणा, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, श्रीमती सोनम शर्मा, अभिषेक साहू, अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह, पैरालीगल वॉलेंटियर श्री विनय तिवारी तथा जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एक कदम स्वच्छता की ओर-नगर परिषद मझौली में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सीधी।** नगर परिषद मझौली में महात्मा गांधी जयंती व स्वच्छता दिवस के अवसर पर ष्स्वच्छता ही सेवाष् अभियान के अंतर्गत स्वच्छता संवाद, सफाई मित्रों का सम्मान, वेस्ट टू वंडर पार्क का उद्घाटन, माता जी के मंदिर पर विशेष स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, मझौली के छात्र-छात्राओं की भागीदारी का सम्मान, नगर परिषद मझौली के समस्त विभाग के लिए हेल्पलाइन नंबर का शुभारंभ 07803299308 का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ




किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अध्यक्ष श्री शंकर प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष श्री उदयभान यादव, पार्षद गण श्री लौकेश सिंह, श्री हितेश गुप्ता, श्री हिमांशु तिवारी, श्री अवधेश कोल, श्रीमती रंजना गुप्ता, श्री राजेश सिंह, श्री भूरे कोल, श्री जगतभान यादव, श्री प्रेमचंद गुप्ता, श्री अजय तोमर, सीएमओ श्री अमित कुमार सिंह, तहसीलदार श्री वाल्मीकि साकेत, नायब तहसीलदार श्री आशीष मिश्रा, गणमान्य नागरिक श्री अखिलेश पांडे, श्री प्रवीण तिवारी, श्रीमती सरोज पटेल खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं स्वच्छता प्रभारी श्री राकेश जयसवाल, उपयंत्री श्री मुन्नालाल चौहान, श्री विपीन सिंह , श्रीमती सीमा गौतम, श्री प्रसून सिंह गहरवार, श्री शुभम जायसवाल, श्री राजाराम साकेत, श्री नरेंद्र मरावी, श्री तोषण प्रसाद मिश्रा, श्री राजेंद्र सिंह परिहार, श्री प्रभाकर तिवारी, श्री देवेंद्र गुप्ता, श्री विजय सिंह बघेल, श्री नागेंद्र मणि मिश्रा, श्री प्रहलाद कुमार वर्मा, श्री समय लाल केवट, श्री महेंद्र दहिया, एवं नगर परिषद के समस्त विभागों के पदाधिकारी गण, पत्रकार बंधु ,आईईसी टीम बिरेंद्र प्रताप सभी जनप्रतिनिधि एवं छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर स्वच्छता पखवाड़े का कार्यक्रम का समापन किया गया। एक कदम स्वच्छता की ओर हम हर रोज बढ़ते जाएंगे। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता हम ला करके दिखाएंगे। सफाई मित्र का सम्मान करें स्वच्छता में श्रमदान करें।

## वेस्ट-टू-वंडर सीधी के पार्क का बदला स्वरूप

**सीधी।** शहर की सौंदर्यीकरण की दिशा में नगरपालिका परिषद सीधी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मिनी अग्रवाल ने अपनी नारी शक्ति तथा सूक्ष्म दर्शन का अनोखा अनुभव साकार कर दिखाया है। नगरीय क्षेत्रान्तर्गत दो पार्क को सुभाष पार्क एवं गायत्री पार्क को 3आर (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल) पार्क का नाम देकर कबाड़ से जुगाड़ और कचरे से कंचन बनाने का कार्य किया है। इसमें राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह द्वारा वेस्ट-टू-वंडर सिद्धांत पर आधारित पुराने-टूटे डस्टन से पार्क लैंप, लाइट, वॉटर फाउंटेन, शोटायर बाइक, आदि डेकोरेटेड सामान से पार्कों को सजा डाला।

## पुलिस विभाग के सहयोग से जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**सीधी।** स्वेच्छिक रक्तदान के अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया गया। सभी रक्तदाताओं का पुष्पगुच्छ से जिला चिकित्सालय में सम्मान किया गया। उपरोक्त शिविर में सीएमएचओ डॉ सुनीता तिवारी, सिविल सर्जन डॉ दीपारानी इसरानी, आरएमओ डॉ हरिओम सिंह, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ अमन सिंह अन्य चिकित्सक एवं ब्लड बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे ।



सिविल सर्जन डॉ दीपारानी इसरानी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

**सीधी।** संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में एक अक्टूबर को मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के त्रैमासिक कैलेंडर के अनुसार अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी.के.सिंह तथा मुख्य अतिथि डॉ लहरी सिंह सेवानिवृत्त प्राध्यापक हिन्दी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ आर बी.एस. चौहान, डॉ आर.एन. स्वर्णकार, डॉ प्रभाकर सिंह, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ विनोद कुमार साकेत, डॉ रविन्द्र नाथ सिंह, डॉ राकेश कुमार प्रजापति, डॉ निवेदिता लखेरा, डॉ विभा कुशवाहा, डॉ कोमल सिंह तथा महाविद्यालय के छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। डॉ लहरी सिंह ने वृद्धजनों के प्रति युवाओं के दायित्व पर विस्तृत चर्चा की। डॉ



अनिल सिंह ने बताया कि वृद्धजनों के अनुभव का लाभ लेकर युवाओं को आगे बढ़ाना चाहिए और उन्हें पूरा मान सम्मान प्रदान करना चाहिए। डॉ राम नारायण स्वर्णकार नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने श्री रामचरित मानस में सुंदर काण्ड से जामवंत के निर्देश में हनुमान जी के सीता माता की खोज में वृद्ध जन के महत्व को रेखांकित किया। डॉ पी के सिंह ने नौजवानों को वृद्ध जन का सम्मान कर उनसे सीखने पर जोर दिया। डॉ रावेन्द्र बहादुर सिंह संयोजक अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों के प्रति युवाओं का दायित्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में कुल सात छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान साक्षी पाठक एम.ए. तृतीय सेमेस्टर अंग्रेजी ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान मयंक सिंह परिहार एम.ए. तृतीय सेमेस्टर अंग्रेजी, तथा तृतीय स्थान साक्षी सिंह चौहान बीएफाइनल ईयर ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ आर.एन. स्वर्णकार, नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, डॉ राकेश कुमार प्रजापति, सहायक नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ तथा डॉ निवेदिता लखेरा अतिथि विद्वान हिन्दी रहे। कार्यक्रम की देख रेखव व्यवस्था मनोज कुमार प्रजापति चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्थापना ने की।

## जिले के पर्यटक ग्राम खोखरा एवं ठाड़ीपाथर को मिला 3 लिफ्स प्रमाणपत्र

**सीधी।** महात्मा गांधी जी की 155 वी जयंती के अवसर पर आयोजित स्वच्छता दिवस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग द्वारा चयनित सीधी जिले के दो पर्यटक ग्राम खोखरा एवं ठाड़ीपाथर जो जनपद पंचायत कुसमी में स्थित है, के संचालकों को आज स्वच्छता की बेहतर स्थिति हेतु 3 लिफ्स का प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में आये होम स्टे संचालक जगदीश सिंह द्वारा बताया गया कि यह कार्य मध्यप्रदेश सरकार एवं संस्था ग्राम सुधार समिति सीधी के सहयोग से किया गया है जिसमें कुल 9 होम स्टे पूरे हो चुके हैं। 2 और होमस्टे का कार्य किया जा रहा है, जिसमें देश के कोने-कोने से आने वाले पर्यटकों एवं अन्य अतिथियों का स्वागत परम्परगत तरीके से हल्दी चावल एवं फूलों का गुलदस्ता देकर किया जाता है। साथ ही रुकने एवं खाने की संपूर्ण व्यवस्था की गई है।

## अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में आनंद विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** आनंद विभाग सीधी के द्वारा राज्य कार्यालय राज्य आनंद संस्थान भोपाल के निर्देशानुसार 1 अक्टूबर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में सीधी जिले के ग्राम बघवारी में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायालय सीधी से अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं सिद्धार्थ शुक्ला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी जिला न्याायालय सीधी के मुख्य अतिथि तथा रश्मि दिव्यांग सेवा समिति की सचिव श्रीमती रश्मि तिवारी आनदंम सहयोगी सीधी की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।



सीधी जिले के ग्राम वघवारी में वृद्धजनों को हल्दी चंदन का टीका लगाकर, पुष्प से स्वागत कर श्रीफल दे कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला न्यायालय सीधी ने वृद्धजनों के अधिकार की बात रखी जिसे सुन कर सभी वृद्धजन आत्यधिक प्रसन्न हुऐ। सिद्धार्थ शुक्ला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी जिला न्याययालय सीधी ने विधिक सेवा एवं विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाले निरूशुल्क सेवाओं की जानकारी वृद्धजनों को दी। वृद्धजन हमारी धरोहर है।

विनय तिवारी आनंदम सहयोगी रिफेसर आनंद विभाग सीधी ने कहा कि वृद्ध ही ईश्वर का रूप है, वृद्ध ही भगवान है, जिस घर में वृद्धजनों का सम्मान होता है वही घर तीर्थ स्थल है दुनिया में वृद्धजनों के साथ हो रहें दुर्व्यवहार, भेदभाव, उपेक्षा और अन्याय को रोका जा सके। इसके लिए लोगों के अंदर जागरूकता लाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने के पीछे एक उद्देश्य यह भी है कि वृद्धजनों के प्रति सामाजिक व्यवहार बेहतर हो सके। आनंदम सहयोगी रश्मि तिवारी ने कहा कि पूरे सम्मान के साथ वृद्धजनों का सम्मान एवं ख्याल सभी को रखना चाहिए जिसे सभी परिवार में वृद्धजन के आर्शिवाद से पूरा परिवार आनंद से भरा हुआ हो और पूरा परिवार आनंदित रहे ।

कार्यक्रम के उपरान्त 5 फलदार पौधों आम, कटहल, अमरूद, आवला एवं नीबू के को रोपित कर उनके सुरक्षा की व्यवस्था की गई।

## संपादकीय

# मिथुन को फाल्के

मिथुन चक्रवर्ती का भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के से सम्मानित होना इस देश में फिल्म कला ही नहीं, बल्कि कला के आम सर्वहारा पारखियों का भी सम्मान है। भारतीय सिनेमा के एक कद्दावर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को प्यार से मिथुन दा या दादा कहकर संबोधित किया जाता है। अक्सर यह कहा जाता है कि मिथुन सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल में अगली पंक्तियों में बैठने वाले दर्शकों के सुपरस्टार हैं, पर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उन्हें एक गंभीर सक्षम अभिनेता के रूप में भी देखा जाता है। साल 1978 में ख्यात निर्देशक मृणाल सेन के निर्देशन में अपनी पहली ही फिल्म मृगया के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय सम्मान हासिल किया था। सिने दुनिया में ऐसे गिने-चुने अभिनेता हुए हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही कृति या प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय सम्मान जीता है और आगे चलकर व्यावसायिक रूप से बहुत कामयाब भी हुए हैं। दादा साहेब फाल्के सम्मान पाने वाले वह 54वें कलाकार हैं और उनको मिला यह सम्मान देश के हर वर्ग के लिए चर्चा योग्य समाचार है। वह अमीरों के भी हीरो हैं और गरीबों के भी। उनकी भाव-भंगिमा और जीवन शैली को देश में असंख्य लोगों ने अपनाया है। पहले विचार से नक्सली रहे मिथुन को सर्वश्रेष्ठ नर्तक के रूप में भी जाना जाता है और बंगाल की भूमि की ओर से वह भारतीय सिनेमा को एक ऐसे योगदान की तरह हैं, जिनको हिंदी सिनेमा में भुलाना मुश्किल है। बांग्ला, ओडिया, भोजपुरी सहित अनेक भाषाओं में फिल्में करने वाले मिथुन को बड़ी व्यावसायिक कामयाबी साल 1982 में डिस्को डांसर से मिली थी और उसके बाद उन्हें कभी पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं पड़ी। घर एक मंदिर, प्यार झुकता नहीं, गुलामी उनकी बहुचर्चित फिल्में हैं। नृत्य, गीत में बेहतरीन अभिनय के साथ, मारधाड़ के दृश्यों में स्वाभाविकता, भावपूर्ण दृश्यों में गहराई और चरित्रों में डूब जाने की कला उन्हें सबसे अलग खड़ा कर देती है।

**विस्फोट से पहाड़ों के हिस्से उड़ाने पड़ते हैं। ऐसे में, सड़क संबंधी आपदाएं भी ज्यादा गहराने और पसरने लगती हैं। आप खुद देख सकते हैं कि जगह-जगह ऐसे बोर्ड लगे हैं, जिन पर लिखा है, सड़क के इन हिस्सों में रुकना खतरनाक है। ऐसी कई घटनाएं घट चुकी हैं, जब खड़े वाहनों या सड़क पर चलते लोगों के ऊपर पहाड़ से मलबा-पत्थर आ गिरा और लोग मारे गए। पहाड़ों में तीर्थयात्रियों व पर्यटकों के फंसने के क्रम में ही प्रायः सड़कें खबर बनती हैं। उन सड़कों के कारण आने वाली आपदाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। विडंबना यह है कि सड़कों को जल्द से जल्द खोलने के जो उपाय किए जाते हैं, उनसे भी कई बार समस्याएं बढ़ जाती हैं।**

# संभावना से भरी पहाड़ी सड़कों पर आपदाओं की आशंका

**(वीरेंद्र कुमार पैन्यूली, पर्यावरण कार्यकर्ता)**

किसी भी देश-समाज में सड़कें विकास की निशानी होती हैं, मगर हमारे देश में पहाड़ की सड़कों को, कम से कम स्थानीय लोगों के परिप्रेक्ष्य में, आपदाओं की उत्प्रेरक के रूप में भी देखा जाता है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के कई जिलों और उत्तराखंड के चमोली, टिहरी, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर के अनेक गांवों में गिरते शिलाखंडों, धंसती जमीनों और मलबों से लोग भयभीत हैं। इन जिलों के सौ से भी अधिक भयभीत गांवों के लोग अन्यत्र पुनर्वासित होने पर विचार करने लगे हैं। अपने कष्ट का कारण ये लोग गांव के ऊपर या नीचे से जाने वाली सड़कों को मानते हैं, विडंबना यह है कि वे इन सड़कों के करीब रहने के लोभ से बच भी नहीं पाते।

निस्संदेह, सड़कें बेहतर भविष्य की आस जगाती हैं और उनके बनने के बाद आस-पास की जमीनों के भाव भी बढ़ जाते हैं। मगर पहाड़ों में सड़कें जब चौड़ी की जाने लगती हैं, तो इसके लिए चट्टानों को ज्यादा गहराई तक काटना पड़ता है। विस्फोट से पहाड़ों के हिस्से उड़ाने पड़ते हैं। ऐसे में, सड़क संबंधी आपदाएं भी ज्यादा गहराने और पसरने लगती हैं। आप खुद देख सकते हैं कि जगह-जगह ऐसे बोर्ड लगे हैं, जिन पर लिखा है, सड़क के इन हिस्सों में रुकना खतरनाक है। ऐसी कई घटनाएं घट चुकी हैं, जब खड़े वाहनों या सड़क पर चलते लोगों के ऊपर पहाड़ से मलबा-पत्थर आ गिरा और लोग मारे गए।

पहाड़ों में तीर्थयात्रियों व पर्यटकों के फंसने के क्रम में ही प्राय- सड़कें खबर बनती हैं। उन सड़कों के कारण आने वाली आपदाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। विडंबना यह है कि सड़कों को जल्द से जल्द खोलने के जो उपाय किए जाते हैं, उनसे भी कई बार समस्याएं बढ़ जाती हैं। बड़ी-बड़ी मशीनों का इस्तेमाल कर गहराई तक पहाड़ों को काटकर रास्तों को तत्काल साफ तो कर दिया जाता है, लेकिन इससे जो स्थिर ढालें अस्थिर हो जाती हैं, उनको स्थिर करने की आवश्यकता पर काम नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में भारी बोल्डर्स लुढ़कते रहते हैं। सड़कों के समीप बसे अधिकांश ग्रामीणों का यही कहना है कि सड़कों पर रोक दीवार अवश्य बनाई जानी



चाहिए। आखिर पहाड़ों में सड़क बनाने का उद्देश्य क्या है? वे यहां के निवासियों की जरूरतें पूरी कर रही हैं या फिर बढ़ा रही हैं? पहाड़ों में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं व चिंतकों को एक सवाल दशकों से बेचैन किए हुए है कि ऐसा क्यों होता है कि पहाड़ों में अंतराल तक तो छोटे-बड़े मालवाहक वाहन भर-भरकर पहुंचते हैं, परंतु वहां से लौटते हुए अधिकांश खाली ही होते हैं? यह इस बात का भी संकेत है कि पहाड़ प्रमुखत- खरीदार है, विक्रेता नहीं। यह किसी भी क्षेत्र की अनुकूल आर्थिक दिशा नहीं हो सकती। पहाड़ों के संदर्भ में एक विडंबना यह भी है कि जरूरी नहीं, मोटर सड़कों से दूरियां कम हो गई हों। ऐसे अनेक उदाहरण आपको यहां मिल जाएंगे, जहां दो गांवों के बीच की पैदल दूरी आधा किलोमीटर है, किंतु मोटर सड़कों से सात किलोमीटर हो गई है। अब इन्हीं सड़कों के अवरोधित होने पर उन दूरियों को पैदल तय करने के बजाय घंटों सड़क खुलने का इंतजार करते लोग मिल जाएंगे।

सड़कों पर अति-विश्वास के कारण पहाड़ी किसानों व बागवानी करने वालों को कई बार भारी नुकसान उठाना पड़ जाता है। ऐसी खबरों से स्थानीय अखबार भरे रहते हैं कि जब फल या खेती की अन्य नगदी फसलें तैयार हैं और उनको बेचने का समय है, तब ऐन उसी समय मोटर सड़कें कई-कई दिनों तक अवरुद्ध रहीं। प्रख्यात गांधीवादी व पर्यावरण कार्यकर्ता चण्डी प्रसाद भट्ट चमोली जिले में सड़कों के निर्माण के बाद भूस्खलन में बढ़ोतरी की बात तस्वीरों और आंकड़ों के जरिये बताते रहे हैं। उनका कहना है कि सड़कें कहां और कैसे बनाई जानी चाहिए, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। भू-वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ी सड़कें आधा कटान-आधा भरान की पद्धति से बननी चाहिए और नदी-नालों व खेतों में उनका मलबा बेतरतीब ढहा देने की जगह उसका रचनात्मक उपयोग होना चाहिए, ताकि वे यहां के निवासियों के लिए मुसीबत न बनें।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# सोशल मीडिया पर फ्लैगिंग के नए चलन से रिश्तों में आती दरार

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )**

देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल सवा साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं वहीं सोशल मीडिया से जुड़ें लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है।

आपसी संबंधों में दरार का नया कारण सोशल मीडिया का नया चलन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ समय से फ्लैगिंग का नया ट्रैंड चल पड़ा है। पहली बात तो यह कि लोगों का सोशल मीडिया पर रुझान तेजी से बढ़ा है और कोढ़ में खाज यह कि सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी तेजी से चल पड़ा है। मजे की बात यह कि सोशल मीडिया पर रिएक्शन नहीं आना भी डिप्रेशन का कारण बन रहा है तो सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का रिएक्शन भी तनाव का कारण बनती जा रही है। इन दिनों फ्लैगिंग का नया दौर चल पड़ा है पर इसमें भी अधिक तो यह कि बेज फ्लैगिंग का नया ट्रेंड साथी को अधिक प्रताड़ित करने लगा है। प्रताड़ना का मतलब तनाव का प्रमुख कारण होने से हैं।

देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल सवा साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं वहीं सोशल मीडिया से जुड़ें लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। नए ट्रेंड को भले ही सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता गंभीरता से नहीं ले रहे हो पर जिस किसी पर नए ट्रेंड के अनुसार फ्लैगिंग के माध्यम से कमेंट्स किये जा रहे हैं उसका असर अंदर तक पहुच रहा है। दर असल पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में इशारों-इशारों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने का नया चलन तेजी से चला है। एक और जहां इमोजी का प्रयोग आम है तो फ्लैगिंग का नया चलन उससे भी अधिक गंभीर है। सोशल मीडिया पर इन दिनों बेज फ्लैग का चलन कुछ ज्यादा ही चला है। बेज फ्लैग का सीधा सीधा मतलब यह निकाला जा रहा है कि इस तरह का




व्यवहार जो ना तो अच्छा है और ना ही बुरा, लेकिन इस तरह की प्रतिक्रिया संबंधित को सोचने को मजबूर कर देती है। खासतौर से इसका चलन आपसी रिश्तों को लेकर किया जा रहा हैं और इससे संबंधित में एक तरह की हीन भावना आती है और उसका दुष्परिणाम हम सब जानते ही हैं। इससे पहले साथियों को रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग का लेबल दिया जाता रहा है। हांलाकि यह भी नकारात्मक ही है। रेड फ्लैग जहां समस्या से ग्रसित व्यवहार को दर्शाता है तो ग्रीन फ्लैग को अच्छे व्यवहार के रुप में देखा जाता रहा है। यानी कि आप अपने साथी को लेबल दे रहे हैं और वह लेबल ही साथी का आपके प्रति और आपका साथी के प्रति व्यवहार को दर्शाता है।

दरअसल बेज फ्लैग जैसे रिमार्क से रिश्तों में कड़बाहट आती ही आती है। शिकागो की चिकित्सक मिशेल हर्जोग तो चेतावनी देते हुए कहती है कि ऐसे लेबलिंग से रिश्तों में खटास तय ही हैं। बेज फ्लैग जैसे लेबल जहां कोई समस्या नहीं हैं वहां भी संभावित समस्या पैदा कर देते हैं। हालाकि यह नए नए ट्रेंड सोशल मीडिया पर अपने फालोअर्स बढ़ाने और इंफ्लूएसर मार्केटिंग के किये जाते हैं पर इनका असर काफी गहरा देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर साइबर बूलिंग आम होती जा रही है। साइबर बूलिंग में ड़राने धमकाने के मैसेजों के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से टार्चर किया जाता है। संबंधित व्यक्ति अपने आत्म सम्मान पर ठेस समझता है और इसके कारण अत्यधिक सेंसेटिव व्यक्ति तो तनाव में चला जाता है। इससे उसकी दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित होने लगती है। देखा जाए तो सोशल मीडिया आपसी जुड़ाव का माध्यम होना चाहिए पर जिस तरह का ट्रेंड चल रहा है वह जुड़ाव के स्थान पर विलगाव का अधिक कारण बन रहा है। जाने अनजाने में सामने वाले को गहरी ठेस लगती है।

भले ही हमारी प्रतिक्रिया मजाक में हो रही हो पर सोशल मीडिया पर हमारी प्रतिक्रिया पर प्रतिक्रियाओं का सिलसिला किस दिशा और हद तक चल निकले इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए हमें सामने वाले की भावनाओं का भी ध्यान रखना होगा। अन्यथा और कुछ नहीं तो संबंधों में अलगाव तो तय ही है। ऐसे में सोशल मीडिया को हमें सकारात्मक दिशा में ले जाना होगा। अनपेक्षित प्रतिक्रियाओं से बचना होगा। सोशल मीडिया दरअसल समय काटने या दूसरे को बुली करने का माध्यम नहीं है और ना ही होना चाहिए। बल्कि होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मकता का विस्तार और मोटिवेशन का माध्यम बनना चाहिए ताकि सामाजिक सरोकारों को मजबूती प्रदान की जा सके। इस भाग-दौड़, ईर्ष्या व प्रतिस्पर्धा की जिंदगी में लोगों को निराशा व तनाव से बाहर लाया जा सके। हमारी प्रतिक्रिया किसी को मोटिवेट करने का माध्यम बने तभी प्रतिक्रिया की सार्थकता है। ऐसे में सोशल मीडिया में नित नए प्रयोग करते समय कुछ अधिक ही गंभीर होना होगा। खासतौर से समाज विज्ञानियों और मनोविश्लेषकों को गंभीरता से ध्यान देना ही होगा।

## वर्ग पहेली 5510

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | |
| | ■ | ■ | 10 | | ■ | | ■ |
| 11 | | 12 | ■ | 13 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 14 | 15 |
| | ■ | 16 | | ■ | 17 | | |
| 18 | | | ■ | 19 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1828 को 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रसिद्ध वीरांगना का जन्म हुआ था (6)
7. माता का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
8. वश में होने वाला (4)
10. संगीत में स्वरों का कलापूर्ण विस्तार, तानने की क्रिया (2)
11. मुक्ति, छुटकारा (3)
13. अमानत में खयानत, मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित उपन्यास, निर्मला के बाद यह उनका दूसरा यथार्थवादी उपन्यास है (3)
14. चंद्रमास के दो बराबर भागों में से एक, पंख, डैना (2)
16. ईशदूत, रसूल, पैगम्बर (2)
17. रामानुज जिनका विवाह कुशध्वज की कन्या मांडवी के साथ हुआ था (3)
18. इस नदी का एक नाम रेवा भी है (3)
19. पराजित, हारा हुआ (3)
20. नौका, किश्ती (2)
21. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न जिससे मदिरा निर्माण भी होता है (1)

**(ऊपर से नीचे**

1. यह संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति है (8)
2. इस वृक्ष की छाल औषधि बनाने के काम आती है (2)
3. बेल (2)
4. बड़वानी से करीब 8 किमी दूर जैन धर्म के मानने वालों का एक तीर्थस्थल (5)
5. ईश्वर, भगवान, प्रभु (2)
6. प्रवेश, दाखिला, भराव, भराई (2)
9. देश भक्त, वतन से मुहब्बत करने वाला, राष्ट्र को सर्वोत्तम जानने वाला (6)
12. सच्चा, विश्वसनीय (5)
15. घायल, क्षतिग्रस्त, खंडित (2)
17. भरे होने का भाव (3)
19. कच्चे आम या इमली का बना हुआ खट्टा-मीठा पदार्थ (2)

## वर्ग पहेली 5509 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | य | पु | र | ■ | ■ | य | दि |
| रू | म | ■ | ज | य | कि | श | न |
| र | क | मी | ■ | म | ना | ■ | ■ |
| त | ■ | ना | ■ | ज | रा | सं | ध |
| ■ | अं | कु | श | ■ | ■ | जी | न |
| न | ग | मा | ■ | ■ | जा | व | क |
| वा | ■ | री | ता | ■ | पा | नी | ■ |
| ब | री | ■ | न | व | न | ■ | ■ |

# नसरल्लाह की हत्या से पश्चिम एशिया के और बिगड़े हालात

**(दिनकर पी श्रीवास्तव, पूर्व भारतीय राजदूत, ईरान)**

बेरूत में इजरायली हमले में हिज्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत से पश्चिम एशिया के राजनीतिक समीकरणों में कितना अंतर आएगा, यह कह पाना फिलहाल मुश्किल है। मगर आशंका यही है कि ईरान युद्ध में हस्तक्षेप कर सकता है। हिज्बुल्लाह एक शिया गुट है और ईरान उसकी मदद करता रहा है। ऐसे में, अगर ईरान सीधे तौर पर युद्ध में शामिल होता है, तो लड़ाई की आग पूरे क्षेत्र में फैल जाएगी। ईरान के सुप्रीम लीडर ने कहा भी है कि नसरल्लाह की हत्या का बदला लिया जाएगा। इजरायल ने भी इस बार शक की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी है, जबकि ऐसी घटनाओं पर वह अमूमन चुप्पी साध लेता था।

पिछले साल 7 अक्तूबर को हमास के इजरायल पर हमले के बाद हिज्बुल्लाह इजरायल की उत्तरी सीमा पर गोलाबारी करता रहा। हिज्बुल्लाह के पास मिसाइलों का बड़ा भंडार है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे उसे ईरान से मिली हैं। उसकी गोलाबारी से इजरायल की 60 हजार से अधिक आबादी विस्थापित हुई है। हिज्बुल्लाह का कहना है, वह अपनी लड़ाई तब तक जारी रखेगा, जब तक इजरायल हमास के साथ गाजापट्टी में युद्ध-विराम के लिए तैयार नहीं हो जाता। हिज्बुल्लाह के इस रुख को लेबनान सरकार की सहमति नहीं है। लेबनान के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में कहा भी कि लेबनान अपनी सीमा पर अधिकार के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव 1701 के अनुसार इजरायल से बातचीत करने को तैयार है। यह प्रस्ताव 2006 की इजरायल और हिज्बुल्लाह की लड़ाई के बाद सुरक्षा परिषद ने पारित किया था, जिसके अनुसार, कोई भी समूह या सशस्त्र बल इजरायल की लेबनान सीमा व लितानी नदी के बीच नहीं रह सकता। इजरायल का कहना है कि हिज्बुल्लाह ने इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बना रखी है, जिसको वह बल-प्रयोग से हटाएगा। यहां यह बात ध्यान रखना चाहिए कि लेबनान के विदेश मंत्री ने कहीं भी गाजापट्टी पर युद्ध विराम का जिक्र नहीं किया, जिससे स्पष्ट है कि लेबनान सरकार और हिज्बुल्लाह के बीच अंतर है।

हिज्बुल्लाह ने यह जानते हुए भी कि अपनी मिसाइलों से वह इजरायल के एक बड़े हिस्से को प्रभावित कर सकता है, अपनी लड़ाई सीमावर्ती इलाकों तक सीमित रखी है। हमास नेता ईस्माइल हानिये की मौत के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा था कि हिज्बुल्लाह लड़ाई बढ़ाएगा, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। मगर इजरायली कैबिनेट की घोषणा के अनुसार हिज्बुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई बढ़ा दी गई है। इजरायल का मानना है, उसे सीमावर्ती इलाकों से हटाए बिना इजरायल की विस्थापित जनसंख्या अपने इलाके में नहीं लौट सकती।

इजरायली मीडिया के अनुसार, प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लोकप्रियता बेरूत हमले के बाद बढ़ गई है। इसका असर गाजा की लड़ाई पर भी होगा। हमास को अब ज्यादा सावधान होना पड़ेगा, क्योंकि उसे शायद अब पूर्व की तरह हिज्बुल्लाह की मदद न मिल सके। क्या इससे अब हमास इजरायल से समझौता करने को तैयार हो जाएगा? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या ईरान इस युद्ध में हिज्बुल्लाह की तरफ से इजरायल के खिलाफ सैन्य मोर्चा खोलेगा?

# आज का राशिफल

### मेष

आज आप फालतू बातों पर ध?यान न दें और अपने काम पर ध?यान दें। आपको बिना किसी शंका और विचार के अपने कर्तव्य पर व्यस्त रहना चाहिए। काम किसी भी स्तर का हो या यदि आप उसे सफलता से पूरा कर देंगे तो आपकी छवि में सुधार होगा।

### वृषभ

आज का दिन अच?छा होगा और शुभ कार्य में आपको सफलता प्राप?त होगी। आपके भाग्य की रुकावटें दूर होंगी और आपको हर कार्य में सफलता मिलने से लाभ होगा। यदि आप अपना गृहस्थ जीवन सही तरीके से व्यतीत करना चाहते हैं तो जीवन साथी के प्रति ईमानदार होना जरूरी है।

### मिथुन

आज करियर के मामले में दिन तरक?की से भरा होगा। आपका काम करने का तरीका नया है। किसी भी जटिल कार्य को आसानी से पूरा कर देने में आपको ज्यादा वक्त नहीं लगता है। आज भी किसी ऐसी ही समस्या पर वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आपके ऊपर जाएगा।

### कर्क

आज ऊपर काम का काफी बोझ रहेगा और आपकी कोई जिम?मेदारी पूरी नहीं हो पाएगी। आपके कार्य अधूरे रहेंगे और इस कारण से आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। किसी भारी काम का बोझ आज आपके ऊपर आ सकता है।

### सिंह

आज दिन मिलाजुला रहेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। कोई आपके अधिकार क्षेत्र में कोई घुसने की कोशिश कर सकता है। अपना वर्चस्व कायम रखना आपकी पुरानी आदत है। इसलिए आप भी पूरा मोर्चा लेंगे।

### कन्या

आज दिन मिलाजुला रहेगा और आप अपने काम पर फोकस कर पाएंगे। किसी वाद विवाद को पकड़कर आपको अपने सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों से ज्यादा तर्क वितर्क नहीं करना चाहिए। कारोबार और व्यापार में जो उतार चढ़ाव आया है उसे संभालकर हेंडल करें।

### तुला

आज दिन परेशानियों वाला रहेगा और आप सुबह से उदास रहेंगे। कुछ अजीब सा माहौल आपके आगे पीछे बना रहेगा। घर के दैनिक कार्य भी कुछ अड़चनों के बाद ही पूरे हो रहे हैं। काफी दिनों से व्यापार व्यवसाय की स्थितियां भी नाजुक चल रही हैं।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में दिन परेशानियों वाला रहेगा। आपको काफी जद्दोजहद करनी पड़ सकती है और किसी कार्य को करने में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार की कुछ ऐसी ही उलझन आपको परेशान कर रही है।

### धनु

आज काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी और इस वजह से आपका काफी धन भी खर्च होगा। धन कमाने के ये जोखिम भरे कदम सभी को रास आते तो लोग मेहनत मजदूरी क्यों करते। बेहतर है आप कारोबार के अपने रास्ते पर उतर जाएं और आए दिन जो नुकसान हो रहा है उससे बचने की कोशिश करें।

### मकर

आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके अंदर खूब सारी एनर्जी और उत्साह का संचार होगा। छुट्टी के बावजूद खूब सारा काम निपटा देने की इच्छा करेगी। लेकिन आपके कार्यक्षेत्र में काम उतनी स्पीड से नहीं चल रहा होगा जितना बाकी में चलता है। आपको सारी चीजें अपने कंट्रोल में लेनी पड़ सकती है।

### कुंभ

आज करियर और कारोबार के मामले में काफी जद्दोजहद करनी पड़ सकती है। लंबे समय संघर्ष करने के बाद अब आपको लगेगा कि कहीं बैठकर एकांत में कुछ समय गुजारना चाहिए। अपनी सेहत पर ध?यान दें और अधिक से अधिक वक?त काम के बाद अपने परिवार के साथ बिताएं।

### मीन

आज करियर में लाभ और सफलता प्राप?त होगी। धन कमाने के लिए कई प्रकार के रास्ते आपको नज़र आएंगे। आपके सहयोगी और पार्टनर इस बात पर मतभेद रख सकते हैं कि कमाई करने के लिए कोई भी रास्ता बुरा नहीं है। किसी भी प्रतियोगिता में हार जीत होती रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजापुर में सात नक्सली गिरफ्तार, भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद



**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जिले के नेलसनार और मिरतुर थाना क्षेत्र से इन सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत 29 सितंबर को नेलसनार थाना क्षेत्र से जिला बल के दल को गश्त में रवाना किया गया था। दल जब बांगापाल डोंगरीपारा के जंगल में पहुंचा तब वहां से पांच संदिग्ध नक्सली भागने लगे। बाद में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई में पांच नक्सलियों सन्नू उरसा (38), मुन्ना उरसा (38), सोमलू उरसा (33), कमलू मड़काम (28) और विजय कुंजाम (19) को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सलियों के कब्जे से बिजली का तार, पेंसिल सेल, भारी मात्रा में दवाईयां और माओवादी प्रचार प्रसार का सामान बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पिछले लगभग छह वर्षों से माओवादी संगठन के लिए कार्य कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने एक अन्य घटना में मिरतुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चेरली विजगुफा के जंगल से दो नक्सलियों शंकर कारम (26) और पांडे कारम (26) को गिरफ्तार कर लिया। नक्सलियों से विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

### पैसों का लेन-देन ही नहीं तो ईडी कैसे कर सकती है जांच : सिद्धरमैया



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया एमयूडीए स्कैम को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। इस बीच उन्होंने मंगलवार को विवाद पर अपना रुख कड़ा करते हुए कहा है कि मैसूर में उनकी पत्नी पार्वती को उनकी जमीन के बदले में जमीन आवंटित की गई थी। उन्होंने सवाल उठाए हैं कि अगर पैसों का कोई लेन देन नहीं हुआ है कि यह मनी लॉन्ड्रिंग का मामला कैसे बन सकता है और प्रवर्तन निदेशालय इसकी जांच कैसे कर सकती है। सीएम ने कहा है कि ईडी द्वारा मामले की जांच करने की कोई गुंजाइश नहीं है। सिद्धारमैया ने कहा है कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा उनकी पत्नी के 3.16 एकड़ जमीन के बदले सिर्फ कंपनसेटरी जमीन दी गई थी। मुख्यमंत्री ने बेंगलुरु में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मेरी राय में अधिग्रहित जमीन के बदले में दिए गए प्लॉट मनी लॉन्ड्रिंग के तहत नहीं आते हैं। वहीं इस मामले में विपक्ष के हंगामे के बाद एमयूडीए अधिकारियों ने पार्वती के अनुरोध पर प्लॉट का आवंटन रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा, इसमें मेरी क्या भूमिका है? उन्होंने कहा कि उनके और एमयूडीए के बीच कोई लेन-देन नहीं हुआ है। सिद्धारमैया ने कहा, विपक्षी दल झूठ बोलने में माहिर हैं। वे मेरे इस्तीफे की मांग कर रहे हैं जबकि उनके पास कोई मामला नहीं है। सिद्धारमैया ने बीजेपी-जेडीएस पर उनके साथ राजनीतिक बदला लेने का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का समर्थन किया है और कहा है कि यह राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास है। नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार हर हाल में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी।

### पीएम मोदी ने किया महात्मा गांधी को नमन, लाल बहादुर शास्त्री को भी दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी को शत-शत नमन किया। 2 अक्टूबर को भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है। पीएम मोदी ने शास्त्री को भी श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, सभी देशवासियों की ओर से पूज्य बापू को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित उनका जीवन और आदर्श देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा। पीएम मोदी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि भी अर्पित की। इसके अलावा पीएम मोदी ने लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए एक और पोस्ट में लिखा, देश के जवान, किसान और स्वाभिमान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। वहीं, कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी 2 अक्टूबर को नई दिल्ली के राजगढ़ में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी एक्स पर पोस्ट के जरिए महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लिखा, गांधी जयंती के मौके पर, मैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

# लोकतंत्र या नोट तंत्र, पंजाब में सरपंच पद की 2 करोड़ में नीलामी; चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट





**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब में ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं। इस बीच, गुरदासपुर जिले के एक गांव में सरपंच पद के लिए हुई नीलामी में 2 करोड़ रुपए की बोली लगी है। इसकी खबर मिलते ही राज्य चुनाव आयोग ने इसे गंभीरता से लिया है। आयोग ने लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन करने वाली ऐसी नीलामी पर राज्य के सभी जिलाधिकारी-सह-जिला चुनाव अधिकारियों से इस संबंध में 24 घंटे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पंजाब राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने बताया कि बड़ी लोकतांत्रिक परंपराओं के तहत इस तरह की प्रक्रिया के कानूनी और नैतिक परिणामों की जांच करने के लिए राज्य चुनाव आयोग की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस मुद्दे के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाए।

उन्होंने बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नर-सह-जिला चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में ऐसी किसी भी विशेष घटना, चाहे रिपोर्ट की गई हो या प्रक्रिया में हो, की पूरी बारीकी से निगरानी करें और 24 घंटों के भीतर अपनी टिप्पणियों सहित विस्तृत रिपोर्ट आयोग को पेश करें। 50 लाख रुपए से शुरू हुई बोली, राशि गांव के विकास पर खर्च करने की बात ये नीलामी पंजाब के गुरदासपुर के गांव हरदोवाल कलां में सरपंच पद की हुई है। हरदोवाल कलां जिले के सबसे बड़े गांवों में से एक है। यहां सरपंच पद के लिए आयोजित नीलामी की बोली 50 लाख रुपए से शुरू हुई जिसमें स्थानीय बीजेपी नेता आत्मा सिंह ने 2 करोड़ रुपए की ऊंची बोली लगाई। बोली की प्रक्रिया के बाद चेक से भुगतान करने वाले स्थानीय भाजपा नेता आत्मा सिंह ने कहा कि ग्रामीणों ने एक ऐसे सरपंच को चुनने का निर्णय लिया है जो गांव के लिए अधिकतम धनराशि देगा। उन्होंने कहा कि नीलामी की राशि गांव के विकास पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की एक समिति कोष आवंटन पर फैसला करेगी। आत्मा सिंह के पिता भी गांव के सरपंच रह चुके हैं। पंजाब में 15 अक्टूबर को पंचायत के चुनाव होंगे। चुनाव आयुक्त से मिला आप प्रतिनिधिमंडल, कांग्रेस ने भी की निंदा वहीं, इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी का एक प्रतिनि?धिमंडल वित्त मंत्री हरपाल चीमा के नेतृत्व में राज्य चुनाव आयोग पहुंचा और चुनाव आयुक्त से अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। चीमा ने उन रिपोर्टों पर चिंता जताई जिनमें संकेत दिया गया है कि कुछ व्यक्ति सरपंच और पंच पदों के लिए नीलामी में शामिल होकर चुनाव प्रक्रिया में हेरफेर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अनैतिक प्रथा न केवल हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की पवित्रता को धूमिल करती है बल्कि सार्वजनिक प्रतिनिधित्व के सार को भी खतरे में डालती है। आप प्रतिनिधियों ने चुनाव आयोग से ऐसी किसी भी अनियमितता के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया और तुरंत जांच की मांग की। वहीं, कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी सरपंच पद की नीलामी की निंदा की है और इसका आयोजन करने वालों के लिए जेल की सजा की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह खुला भ्रष्टाचार है। यह गलत है। मैं चाहता हूं कि जिसने भी दो करोड़ रुपए की पेशकश की है उसके खिलाफ सतर्कता ब्यूरो कार्रवाई करे। हाई कोर्ट पहुंचा मामला, गाइडलाइंस बनाने की मांग इस बीच, पंचायत चुनावों में सरपंचों के पदों को बेचे जाने का आरोप लगाते हुए एडवोकेट सतिंदर कौर ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में उन्होंने बताया कि यह एक तरीके से सरपंचों के पदों को बेचे जाने का मामला है और पूरी तरह से असंवैधानिक है। इसको लेकर गाइडलाइंस बनाए जाने की हाई कोर्ट से मांग की गई है। हाई कोर्ट इस मामले में गुरुवारर को सुनवाई करेगा।

## महाराष्ट्र में अब रामदास आठवले भी दिखा रहे तेवर, भाजपा लीडरशिप से की 10 सीटों की मांग



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। किसी भी दिन इलेक्शन कमिशन की ओर से महाराष्ट्र में चुनाव की तारीखों का आयोजन हो सकता है। इस बीच एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान तेज हो गई है। अब तक भाजपा, एनसीपी और शिवसेना के शिंदे गुट के बीच ही इसे लेकर संघर्ष की स्थिति थी। अब रामदास आठवले की पार्टी आरपीआई ने भी 10 सीटों की मांग कर दी है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को बताया है कि उनकी पार्टी आरपीआ आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में आठ से 10 सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले), भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी के महायुति गठबंधन का हिस्सा है। एनडीए को ही महाराष्ट्र में महायुति नाम दिया गया है। आठवले ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत की जा रही है और उन्होंने भाजपा के महाराष्ट्र चुनाव के प्रभारी भूपेंद्र यादव से उनकी पार्टी की मांगों के बारे में बात की है। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें संदेश दिया है कि आरपीआई (आठवले) को आठ से 10 सीट मिलनी चाहिए। मुझे हमारे गठबंधन के साझेदारों भाजपा, शिवसेना और राकांपा पर यकीन है। आरपीआई (आठवले) का अलग वोट बैंक है। आठवले ने कहा कि दलित समुदाय के कई लोग पार्टी के साथ हैं। इसलिए हमें सीटों के बंटवारे में उचित हिस्सा मिलना चाहिए। आठवले ने स्पष्ट किया कि पार्टी केवल आठ से 10 सीट मांग रही है यानी कि प्रत्येक क्षेत्र में एक या दो सीट। महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए नवंबर में चुनाव प्रस्तावित हैं। मौजूदा विधानसभा में भाजपा 103 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। उसके बाद शिवसेना के पास 40, राकांपा के पास 41, कांग्रेस के पास 40, शिवसेना (यूबीटी) के पास 15, राकांपा (एसपी) के पास 13 और अन्य 29 विधायक हैं। कुछ सीटें रिक्त हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने छह दिसंबर को डॉ. बी आर आंबेडकर की पुण्यतिथि की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए मुंबई के संरक्षक मंत्री दीपक केसरकर से मुलाकात की।

## केजरीवाल का नया ठिकाना फिरोजशाह रोड पर होगा, बंगला नंबर 5 या 10 में होंगे शिफ्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक दो दिन में सरकारी आवास खाली करने जा रहे हैं। केजरीवाल के लिए नए घर की तलाश लगभग पूरी हो गई है। आम आदमी पार्टी के सूत्रों ने बताया कि वह नई दिल्ली में फिरोजशाह रोड पर स्थित दो बंगलों में से किसी एक में शिफ्ट हो सकते हैं। वह फिरोजशाह रोड पर बंगला नंबर 5 या 10 में शिफ्ट होंगे। केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद कहा था कि वह नवरात्रि के दौरान सीएम आवास खाली कर देंगे। आम आदमी पार्टी के सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री के लिए पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपना घर देने की पेशकश की थी। कई विकल्पों पर विचार किया गया। अब नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में आने वाले दो मकानों को चुनाव किया गया है, जो पार्टी के दो राज्यसभा सांसदों के नाम आवंटित है। आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल के लिए केंद्र सरकार से सरकारी आवास की भी मांग की है। पार्टी का कहना है कि राष्ट्रीय दल के प्रमुख के नाते उनका यह हक है। केजरीवाल बंगला नंबर 5 या 10 में शिफ्ट होंगे। 5 नंबर बंगला पंजाब से राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के पास है, जबकि 10 नंबर दिल्ली से राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता का बंगला है।

## विनेश फोगाट का दावा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोन आया था, लेकिन मैंने बात नहीं की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पूर्व महिला पहलवान विनेश फोगाट पिछले काफी समय से चर्चा में हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 में 50 किलोग्राम कुश्ती के फाइनल मुकाबले के दिन उनका वजन थोड़ा सा ज्यादा पाया गया और उनको अयोग्य घोषित कर दिया गया। इसके बाद वे टूट गई थीं। ऐसे में क्या उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोन आया था? इसका जवाब है- हां। इसका खुलासा खुद विनेश फोगाट ने किया है, लेकिन उन्होंने पीएम मोदी से बात नहीं की थी। इसके पीछे का कारण ये था कि वे चाहती थीं कि जो भी बात प्रधानमंत्री से होगी, उसकी रिकॉर्डिंग वे खुद भी करेंगी। इस शर्त को इंडियन ऑफिशियल्स ने नहीं माना तो उन्होंने बात करने से मना कर दिया।

विनेश फोगाट ने लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में बताया, आया था (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का) फोन। मैंने मना कर दिया। मेरे पास मेरे पास डायरेक्ट फोन नहीं आया था, लेकिन जो वहां पर अपने इंडिया के ऑफिशियल्य थे उनके पास फोन आया था। उन्होंने बोला कि पीएम मोदी बात करना चाहते हैं। मैंने बोला ठीक है। उन्होंने मेरे सामने शर्त रखी कि आपका कोई आदमी साथ में नहीं रहेगा, हमारी टीम रहेगी दो लोग होंगे। एक वीडियो शूट करेगा और एक बात करवाएगा और वीडियो सोशल मीडिया पर जाएगा। मैंने पूछा सोशल मीडिया पर जाएगा तो मैं बोली सॉरी...



**'दो साल का हिसाब मांगती' :** उन्होंने आगे बताया, मैं अपने इमोशंस का...अपनी मेहनत का...ऐसे सोशल मीडिया पर तो मजाक नहीं बनाऊंगी। अगर उनको सच में सहानुभूति है किसी खिलाड़ी के साथ में तो बिना रिकॉर्डिंग बात कर सकते हैं। मैं बहुत धन्यवाद रहूंगी। शायद उनको यह पता है कि जिस दिन भी विनेश से बात हुई तो विनेश वो दो साल (धरना प्रदर्शन, पुलिस से पिटाई और डब्ल्यूएफआई चीफ पर आरोप) का हिसाब जरूर मांगेगी। इसलिए उन्होंने मना कर दिया कि आपका कोई फोन नहीं रहेगा। हम ही रिकॉर्डिंग करेंगे। वह तो काट सकते हैं ना अपने लेवल पर, लेकिन मैं तो नहीं काटूंगी मैं तो ओरिजिनल डालूंगी जो बातचीत हुई तो उन्होंने मना कर दिया कि ऐसा नहीं होगा।

बता दें कि करीब दो साल पहले उन्होंने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोला था। तत्कालीन चीफ बृज भूषण शरण सिंच पर उन्होंने और कई महिला पहलवानों ने संगीन आरोप लगाए थे। इसके बाद उनकी झड़प पुलिस से हुई थी और महीनों तक धरने पर बैठी रहीं। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई किया। यहां तक कि एक ही दिन में नेशनल कैंप के दौरान पहले 53 किलोग्राम में हारने के बाद फिर 50 किलोग्राम भार वर्ग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई किया। जहां वे इस कैटेगरी में मेडल तक पहुंच गई थी, लेकिन वजन ज्यादा होने के कारण अयोग्य घोषित हो गईं। इसके बाद उन्होंने कुश्ती से संन्यास ले लिया और अब हरियाणा विधानसभा का चुनाव लड़ रही हैं।

## त्रिपुरा में भाजपा उपाध्यक्ष ने अपनी नई पार्टी बनाई



**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में भाजपा उपाध्यक्ष पटल कन्या जमातिया ने अपनी नई पार्टी का ऐलान कर दिया है। उनके इस ऐलान से पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है। जमातिया ने कहा कि वह अपने एनजीओ- त्रिपुरा पीपुल्स फ्रंट (टीपीएफ) को राजनीतिक मंच देनी जा रही हैं। 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि वह अपनी नई पार्टी में सुप्रीमो का कार्यभार संभालेंगी। यह भी कहा वह भाजपा उपाध्यक्ष के रूप में काम करना जारी रखेंगी।

जमातिया टीपीएफ को 2014 से एनजीओ के रूप में संचालित कर रही हैं। जमातिया ने घोषणा की, टीपीएफ की दसवीं स्थापना वर्षगांठ पर हम अपना राजनीतिक मंच, त्रिपुरा पीपुल्स सोशलिस्ट पार्टी शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रघुबीर जमातिया पार्टी के अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। जमातिया ने कहा, हमने राजनीतिक मंच - त्रिपुरा पीपुल्स सोशलिस्ट पार्टी बनाई है। यह तीन मोर्चों पर काम करेगी - एनजीओ, राजनीतिक पार्टी और त्रिपुरा पीपुल्स फार्मर ऑर्गनाइजेशन (टीपीएफओ) उद्यमिता और सहकारी के रूप में काम करेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव से एक साल पहले जमातिया भाजपा में शामिल हो गई थी। भाजपा के साथ जुड़े रहने के सवाल पर जमातिया ने कहा, मैं निश्चित रूप से भाजपा उपाध्यक्ष के रूप में काम करना जारी रखूंगी। मैं नई पार्टी में कोई पद नहीं संभाल रही हूँ। मैं इसके संस्थापक और सुप्रीमो के रूप में काम करूंगी। अगर टिपरा मोथा पार्टी का कोई व्यक्ति भाजपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ सकता है और जीत सकता है, तो मुझे भी किसी अन्य पार्टी से जुड़ने का अधिकार है। जमातिया ने कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुए कई टीपीएफ सदस्यों का पार्टी के भीतर पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया, जिससे एक नया राजनीतिक मंच तैयार हुआ। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ता जमीन पर सक्रिय रहे हैं, लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद उनका कम उपयोग किया गया। इसलिए हमने इस नई राजनीतिक ताकत को बनाने का फैसला किया, हालांकि हम सभी व्यापक भाजपा छत्र के नीचे काम करेंगे। शाही वंशज प्रद्योत किशोर देबबर्मन के जाने-माने आलोचक जमातिया एडीसी चुनावों से पहले टिपरा मोथा पार्टी के साथ अपने गठबंधन के टूटने के बाद भाजपा में शामिल हो गए।

उन्होंने कहा कि टीपीएफ ने भाजपा की छत्रछाया में एक राजनीतिक मंच के रूप में काम करना शुरू किया। अगर किसी को समस्या है, तो वे कहेंगे। मुझे कोई समस्या नहीं है। इस मुद्दे पर बीजेपी प्रवक्ता नबेंदु भट्टाचार्जी ने कहा, उन्हें पहले कारण बताओ नोटिस दिया गया था। उन्होंने इसका जवाब दिया। हमने इस मामले (नए राजनीतिक विंग की उनकी घोषणा) पर ध्यान दिया है। इस पर पार्टी में चर्चा की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा।

## क्या है हरियाणा में भाजपा का जीटी रोड वाला तिलिस्म, जिसे तोड़ने में खुद जुटे राहुल गांधी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाजपा पहली बार 2014 में हरियाणा की सत्ता में अपने दम पर आई थी। इससे पहले वह सरकार का हिस्सा रही थी, लेकिन अपने दम पर या खुद बड़ी पार्टी के तौर पर सरकार बनाने में 2014 में ही सफल रही। इसके बाद 2019 में भी वह सबसे बड़ी पार्टी बनी और जेजेपी के साथ मिलकर सरकार का गठन किया। इस सरकार ने भी 5 साल पूरे कर लिए हैं और अब 10 साल बाद भाजपा ऐंटी-इनकम्बैंसी फैक्टर झेल रही है। 2014 के बाद यह चुनाव उसके लिए सबसे कठिन माना जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी जीटी रोड से लगते इलाकों में उसे मजबूत माना जा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की ओर से खुद राहुल गांधी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने सोनीपत से लेकर अंबाला तक पड़ने वाले इस जीटी रोड बेल्ट पर फोकस किया है और यहां यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस की विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत उन्होंने यहीं से की और सीएम नायब सिंह सैनी के गढ़ नारायणगढ़ से यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा कुरुक्षेत्र में समाप्त हुई और इस बीच 10 विधानसभा सीटों को कवर किया गया। इस क्षेत्र में कुल 23 सीटें आती हैं और चर्चा है कि 3 अक्टूबर को फिर से इसी इलाके में राहुल गांधी यात्रा पर निकल सकते हैं। हरियाणा के इस जीटी रोड बेल्ट में सोनीपत में कांग्रेस



मजबूत मानी जा रही है क्योंकि यहां जाटों की अच्छी खासी संख्या है। वहीं इसके बाद पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला में भाजपा को मजबूत माना जाता रहा है। इसकी वजह यह है कि यहां जाटों की संख्या सेंट्रल हरियाणा के मुकाबले कम है। यह बेल्ट ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी, सैनी एवं अन्य ओबीसी जातियों के बाहुल्य वाली है। इन समुदायों में भाजपा की पकड़ मानी जाती है। भाजपा ने 2014 में इस इलाके की 23 में से 21 सीटें जीत ली थी। इसके बाद 2019 में भी वह 12 जीती तो कांग्रेस 9 पर ही रह गई थी। जीटी रोड बेल्ट की तरह ही भाजपा को अहीरवाल क्षेत्र से भी उम्मीद है। यह क्षेत्र गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और भिवानी वाला है। यहां यादवों की संख्या अच्छी खासी है तो ब्राह्मणों की भी सही तादाद है।

## महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा ने दुनिया की सारी ताकतों को बौना कर दिया : राघव चड्ढा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। राघव चड्ढा ने एक वीडियो संदेश के जरिए कहा कि यह सोचकर सीना चौड़ा हो जाता है कि महात्मा गांधी भारत में पैदा हुए थे। हम गांधी के वंशज हैं यह हमारा सौभाग्य है। कितने खुशनसीब थे वह लोग जिन्होंने गांधी को देखा होगा। वह जितने मन से साहसी थे उतने ही मुलायम भी थे। अपनों के लिए लड़ते हुए भी दुश्मनों के प्रति नफरत ना रखने वाले गांधी का दिल इतना बड़ा था कि उन्होंने उसे भी माफ कर दिया जिसने उनको यातनाएं दीं, मारने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की सत्य और हिंसा की ताकत ने दुनिया की सारी ताकतों को बौना कर दिया। गांधी के बारे में अल्बर्ट आइंस्टीन कहा करते थे कि आने वाली नस्लें इस बात पर यकीन नहीं कर पाएंगी कि हाड़ मांस का कोई पुतला ऐसा भी था जिसके करिश्मे के सामने दुनिया की सारी शक्तियां नतमस्तक हो गई। दक्षिण अफ्रीका में पिछड़ों, शोषितों और अन्य वर्गों के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने वाले गांधी अपने देश के लोगों की गरीबी से अधीर होकर आधी धोती में पूरा जीवन गुजारने वाले थे। उन्होंने शक्तिशाली ब्रिटिश क्राउन की आंख में आंख डालकर उसकी तानाशाही का विरोध किया। गांधी केवल व्यक्तित्व नहीं थे,



वह स्वयं में एक युग हैं। ऐसा युग जिसमें न्याय की लड़ाई है, ऐसा युग जिसमें अधिकारों के लिए संघर्ष है, ऐसा युग जिसमें इंसानियत और दूसरे का दुख महसूस करने का साहस है।

उन्होंने कहा कि ऐसा युग जिसमें राम सिर्फ नाम नहीं, मर्यादा और कर्तव्य हैं। शायद यही कारण है कि गांधी के जाने के 76 साल बाद भी अमेरिका से लेकर यूरोप तक, अफ्रीका से लेकर ऑस्ट्रेलिया की गलियों तक आपको गांधी दिख जाएंगे। उनका कद कितना बड़ा है, उनका ओहदा कितना ऊंचा है। यह उनकी मूर्ति के सामने झुके हुए लोगों से पता चलता है। आज जब कोई हिंदुस्तानी भारत से बाहर किसी दूसरे देश में जाता है, तो वहां उसकी इज्जत इसलिए भी होती है क्योंकि वह गांधी के देश से आया है। रंगभेद से लड़ने वाले नेल्सन मंडेला जेल में लगभग तीन दशक गुजारने के बाद जब जेल से बाहर निकले तो मुस्कुराए, जिस पर पत्रकारों ने उनसे पूछा इतनी मुश्किल के बावजूद भी आप मुस्कुरा रहे हैं, तो मंडेला ने कहा, मैंने गांधी को पढ़ा है। यह है गांधी की ताकत। सारी दुनिया में अहिंसात्मक आंदोलनों के प्रेरणा स्रोत हैं गांधी।

राघव चड्ढा ने आगे कहा कि देश की आजादी के लिए गोली बंदूक, तोप और गोलों के खतरनाक अंजाम से बेफिक्र होकर गांधी निहत्थे लड़ते रहे। मार्टिन लूथर किंग ने गांधी जी के सिद्धांतों पर चलकर अपने देश में अफ्रीकी अमेरिकी को समानता का अधिकार दिलाया। जिस चार्ली चैपलिन के पीछे दुनिया दीवानी थी, वह चार्ली चैपलिन गांधी से मिलने के लिए बेताब रहते थे। आज दुनिया के सैकड़ों देशों में अनगिनत शहरों में आपको पतले दुबले लाठी टेके गांधी की प्रतिमा दिख जाएगी। जहां दुनिया की नामचीन विभूतियां झुक-झुक कर फूल अर्पित करती, फूल चढ़ाती नजर आएंगी। आज जब हम गांधी को याद करते हैं तो अपने इतिहास के गौरव को जिंदा करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जब बापू का नाम लेते हैं तो हिंदुस्तान की असली ताकत का एहसास करते हैं। गांधी भले इस दुनिया में नहीं, मगर दुनिया के दिलों में गांधी हैं। गांधी मोहब्बत की परंपरा बनकर हिंदुस्तान के सीने में धड़कते हैं। आज भी सत्य की पगडंडियों पर चलते हुए गांधी मिल जाएंगे आप बस उनको दिल से याद तो कीजिए।

## सार समाचार

### भारत में पहली बार होगा खो-खो विश्व कप, 24 देश लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में अगले साल खो-खो विश्व कप का आयोजन किया जायेगा जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश हिस्सा लेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के सहयोग से 2025 में भारत में पहले खो खो विश्वकप के आयोजन का ऐलान किया है जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे। इसमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें भाग लेंगी। यह खेल जो मिट्टी से शुरू हुआ और मैट पर आ गया है और दुनिया भर में 54 देशों के साथ वैश्विक उपस्थिति बना चुका है।

विश्व कप से पहले खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खो-खो महासंघ 10 शहरों के 200 एलीट स्कूलों में खेल को ले जाने की योजना बना रहा है। महासंघ स्कूली छात्रों के लिए सदस्यता अभियान भी चलाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व कप से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, 'हम पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

यह टूर्नामेंट सिर्फ प्रतिस्पर्धा की मिसाल नहीं बनेगा बल्कि यह देशों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दुनिया को खो-खो की सुंदरता और तीव्रता दिखाने का काम करेगा। हमारा अंतिम लक्ष्य 2032 तक खो-खो को ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने की ओर पहला कदम है। इस टूर्नामेंट में एक हफ्ते तक चलने वाले मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष-स्तरीय एथलीट अपने कौशल, चपलता और टीमवर्क का प्रदर्शन करेंगे।

इस बीच, खो-खो विश्व कप का उद्देश्य इस स्वदेशी भारतीय खेल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी करके, केकेएफआई 2032 संस्करण तक ओलंपिक खेलों में खो-खो की जगह सुरक्षित करने की इच्छा रखता है, जो खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### सुमित नागल शंघाई मास्टर्स के पहले दौर में बाहर



**शंघाई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का खराब प्रदर्शन शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भी जारी रहा जहां उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। यह 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चीन के वू यिबिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और 6-3, 6-3 से हारने के कारण उनका अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। नागल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल में पहले दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से हारकर बाहर हो गए थे। अमेरिकी ओपन के बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे। नागल हाल में स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेले थे जिसके कारण अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के साथ उनका विवाद हो गया था। नागल पिछले कुछ समय से पीठ की चोट से जूझ रहे हैं।

ईरानी कप



# सरफराज खान ने ठोकी डबल सेंचुरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरानी कप 2024 में मुंबई के मिडिल ऑर्डर बैट्समैन सरफराज खान का जलवा देखने को मिला है। 26 साल के इस बल्लेबाज ने डबल सेंचुरी ठोक दी है। इस साल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेब्यू करने वाले सरफराज को बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में बेंच पर बैठना पड़ा था।

विराट कोहली, ऋषभ पंत और केएल राहुल की वापसी के कारण उन्हें प्लेइंग 11 में मौका नहीं मिला। सरफराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले डबल सेंचुरी ठोक दिया है। ऐसे में टीम चुनते वक्त अब किसी अन्य बल्लेबाज को मौका देने पर शायद ही विचार किया जाए।

**ईरानी कप में सबसे बड़ी पारी वसीम जाफर के नाम**

सरफराज खान से पहले वसीम जाफर, युवराज सिंह और रवि शास्त्री समेत 10 बल्लेबाजों ने ईरानी कप में दोहरा शतक जड़ा था। ईरानी कप में सबसे बड़ी पारी वसीम जाफर के नाम है। यशस्वी जायसवाल भी इस लिस्ट में हैं। उन्होंने मुंबई के लिए 2018 में 286 रन की पारी खेली थी। दूसरे नंबर पर मुरली विजय हैं। उन्होंने 2012 में रेस्ट ऑफ इंडिया के लिए 266 रन की पारी खेली थी।

# टी-20 वर्ल्ड कप में खेलेगी सबसे अमीर महिला क्रिकेटर

**16 साल की उम्र में नाम की ये बड़ी उपलब्धि**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिलाओं के टी-20 वर्ल्ड कप 3 अक्टूबर से शुरू होने वाला है. एक से बढ़कर एक खिलाड़ी मैदान में होंगी. कोई सबसे ज्यादा रन बनाने वाली तो कोई सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाली. लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस बार टी-20 वर्ल्डकप खेल रही कौन सी महिला खिलाड़ी है सबसे अमीर?

मेंस क्रिकेटरों में विराट कोहली सबसे ज्यादा कमाते हैं. लेकिन, बात जब सबसे अमीर महिला क्रिकेटर की आती है तो लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की एलिसा पेरी का नाम सबसे ऊपर आता है.

महिला टी-20 वर्ल्डकप 2024 में हिस्सा ले रही 34 साल की एलिसा पेरी सबसे अमीर क्रिकेटर हैं. और, ऐसा नहीं है कि वो सिर्फ इस टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सबसे अमीर महिला क्रिकेटर बनी हैं बल्कि बीते कई सालों से महिला क्रिकेटरों के बीच वही सबसे अमीर हैं.

### एलिसा पेरी की कमाई कितनी है?

अब सवाल है कि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिसा पेरी की कमाई कितनी है? उनकी कुल नेटवर्थ 14 मिलियन डॉलर की बताई जाती है, जिसे अगर भारतीय रुपयों में तौलें तो कुल रकम 117 करोड़ रुपये से थोड़ी ज्यादा ही होती है. बेशक सबेस रईस मेंस क्रिकेटर विराट कोहली की धन-दौलत के आगे एलिसा पेरी के 117 करोड़ रुपये कुछ भी नहीं.

लेकिन, ये भी सच है कि महिला क्रिकेटरों के बीच उन्हीं के नाम का डंका है.



### बचपन से ही खेलों में दिलचस्पी

एलिसा पेरी की गिनती आज ना सिर्फ ऑस्ट्रेलिया बल्कि पूरी दुनिया के सबसे अनुभवी और बेहतरीन ऑलराउंडर्स में होती है. क्रिकेट में जिस मुकाम को आज वो छू चुकी हैं और जो अमीरी का आलम देख चुकी हैं, वहां तक पहुंचने के सफर की शुरुआत उन्होंने काफी छोटी उम्र से ही कर दिया था. एलिसा पेरी को बचपन से ही खेलों में दिलचस्पी थी. वो एक साथ दो खेल खेल रहीं थी और दोनों ही खेलों में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू भी एक ही उम्र में किया.

### 16 साल में नाम की ये उपलब्धि

महज 16 साल की उम्र में एलिसा पेरी ने ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट और सॉकर दोनों में डेब्यू किया. वो इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली सबसे कम उम्र की महिला क्रिकेटर बनीं. वो ऑस्ट्रेलिया के लिए आईसीसीऔर एफआईएफए के वर्ल्ड कप खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनीं. साल 2014 में एलिसा पेरी को क्रिकेट और सॉकर में से किसी एक का चुनाव करना पड़ा और उन्होंने क्रिकेट को चुना.

### टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत कड़ी

एलिसा पेरी ऑस्ट्रेलिया के लिए 157 टी-20 इंटरनेशनल खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 1956 रन बनाने के अलावा 126 विकेट लिए हैं. ऑस्ट्रेलिया को अपने इस अमीर और अनुभवी खिलाड़ी से महिला टी-20 वर्ल्डकप 2024 में काफी उम्मीदें हैं.

# फ्रेजर-मैकगर्क को दिल्ली कैपिटल्स रिटेन करेगी: आरपी सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के बड़े हिट वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स रिटेन करेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस युवा बल्लेबाज को भविष्य के लिए तैयार करना चाहती है। फ्रेजर-मैकगर्क को एक सलामी बल्लेबाज के रूप में डेविड वॉर्नर के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि उन्होंने इस साल आईपीएल के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के लिए 234.04 की स्ट्राइक रेट के साथ 330 रन बनाए थे।

हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से डेविड वॉर्नर के संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका प्रदर्शन शुरुआती दौर में अच्छा नहीं रहा , लेकिन फ्रेजर-मैकगर्क ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में अर्धशतक जड़कर कमबैक किया, और उन्होंने सभी को उस क्षमता की याद दिलाई जो उन्हें कैपिटल्स के लिए रिटेंशन का दावेदार बनाती है। आरपी सिंह ने जियोसिनेमा से कहा, फ्रेजर-मैकगर्क अपनी अलग खेल शैली और इस फ्रैंचाइजी पर उनके प्रभाव के कारण निश्चित रूप से बने रहेंगे। ऋषभ पंत को कप्तान के रूप में बरकरार रखा जाएगा।



दो स्पिनर, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव टीम में बने रहेंगे। अन्य के लिए, आप आरटीएम का उपयोग कर सकते हैं क्योंकि कई फ्रैंचाइजी आरटीएम का उपयोग करने की उम्मीद में खिलाड़ियों को रिलीज करती हैं। आईपीएल 2025 की मेगा ऑक्शन से पहले टीमों के लिए अपने रिटेंशन को अंतिम रूप देने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर है। दस आईपीएल फ्रेंचाइजी अपनी आईपीएल 2024 टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं, जिसमें ज्यादा से ज्यादा पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय और विदेशी) और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं।

# कप्तानी छोड़ने के बाद भी टीम के लीडर की भूमिका में बने रहेंगे टिम साउदी : न्यूजीलैंड क्रिकेट

**वेलिंग्टन, एजेंसी।** टिम साउदी ने न्यूजीलैंड टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह फैसला श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ होने के बाद लिया है। अब टॉम लैथम न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम के कप्तान होंगे।



टॉम लैथम, जिन्होंने पहले 9 बार टेस्ट टीम की कप्तानी की है, अगले शुक्रवार को भारत दौरे पर साउदी सहित 15 सदस्यीय टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे। 2008 में डेब्यू के बाद से ब्लैक कैप्स के लिए 102 टेस्ट मैच खेले वाले टिम साउदी ने 382 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के लिए उनसे ज्यादा टेस्ट विकेट केवल सर रिचर्ड हैडली ने लिए हैं। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने दिसंबर 2022 में केन विलियमसन के बाद कप्तानी का जिम्मा उठाया था।

उन्होंने 14 टेस्ट (6 जीत, 6 हार, 2 ड्रॉ) में टीम की कप्तानी की है। इस साल साउदी का खुद का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा, उन्होंने पिछले आठ टेस्ट में सिर्फ 12 विकेट लिए। श्रीलंका में भले ही उन्होंने दोनों मैच खेले लेकिन भारत में संभव है कि परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी टीम कॉम्बिनेशन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्लेइंग इलेवन में न चुना जाए।

# बुमराह फिर नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज बने, इस दिग्गज को मात्र एक अंक से पछाड़ा

**आईसीसी रैंकिंगः**

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज के रूप में अपना स्थान फिर से हासिल कर लिया जबकि युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल तीसरे स्थान पर पहुंच गए। आईसीसी के अनुसार कानपुर में बांग्लादेश पर भारत की हाल ही में 7 विकेट की जीत के दौरान मैच में छह विकेट लेने के बाद बुमराह ने टीम के साथी रविचंद्रन अश्विन को मात्र एक अंक से पीछे छोड़ दिया और दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया।

इस जीत में प्रति पारी तीन विकेट शामिल हैं। अश्विन ने उस मैच के दौरान 5 विकेट लिए और वह बुमराह की 870 अंकों की रेटिंग से केवल एक अंक पीछे हैं जबकि बांग्लादेश को मेहदी हसन (चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर) और अनुभवी स्पिनर शाकिब अल हसन (पांच स्थान ऊपर 28वें स्थान पर) ने रैंकिंग सुधार किया।



श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की क्योंकि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 विकेट लेकर सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए, लेकिन इस सप्ताह की रैंकिंग अपडेट भारत के नाम है जिसने बांग्लादेश पर सीरीज में जीत दर्ज की, जिससे वे अगले साल होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की दौड़ में शामिल हो गए हैं।

बांग्लादेश पर जीत की बदौलत भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में शीर्ष पर और आगे बढ़ गया है और लगातार तीसरे फाइनल में जगह बनाने की स्थिति में है। सलामी बल्लेबाज जायसवाल को बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित टेस्ट के दौरान प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपडेट की गई टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की।



# बाबर आजम की बढ़ती मुश्किलें, दूसरी बार छोड़ी कप्तानी


**नई दिल्ली, एजेंसी।** खामोश बल्ला और फ्लॉप कप्तानी से जूझ रहे पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम का भाग्य इन दिनों उनका साथ नहीं दे रहा। एक समय था जब उनकी तुलना स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से की जाती थी, और अब पाकिस्तान ही उनकी फजीहत कर रहा है। बाबर अब वनडे और टी20 में पाकिस्तान के कप्तान नहीं होंगे। उन्होंने कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। इसकी वजह उन पर हावी होता दबाव था क्योंकि हर कोई उनकी आलोचना कर रहा है, यहां तक कि उनका खुद का देश भी उनके खिलाफ है। ये दूसरी बार है जब बाबर ने पाकिस्तान की कप्तानी से इस्तीफा दिया है।

पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ने की जानकारी बाबर आजम ने आधी रात सोशल मीडिया के जरिए शेयर की। उन्होंने वर्कलोड मैनेजमेंट का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया है। हालांकि, यह बात जगजाहिर है कि बाबर पर कप्तानी छोड़ने के लिए दबाव दिया जा रहा था। इसका मुख्य कारण हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से कभी न भूलने वाली घरेलू शिकस्त थी जिसमें उनका बल्ला खानोश रहा था। आंकड़ों की बात करें तो बाबर आजम की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन खराब नहीं रहा, लेकिन लगातार बड़े इवेंट में फ्लॉप होना और अमेरिका से टी 20 विश्व कप में बुरी तरह से हार जाना उनके लिए परेशानी का सबब बन गया। बाबर ने अपने पोस्ट में कहा, मेरे प्यारे फैन्स, मैं आज आपसे एक अहम बात शेयर कर रहा हूं।

# चाइना ओपन में सिनर का खिताबी मुकाबला अल्काराज़ से

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी वाइल्डकार्ड खिलाड़ी ब्यूंचाओकेटे का 2024 चाइना ओपन एटीपी और डब्ल्यूटीए इवेंट में शानदार प्रदर्शन मंगलवार को यहां समाप्त हो गया, जब वह पुरुष एकल सेमीफाइनल में विश्व नंबर 1 इटली के जानिक सिनर से हार गए। सिनर का फाइनल में विश्व नंबर 3 स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ से मुकाबला होगा। टूर्नामेंट में दुनिया में 96वें स्थान पर रहने के बाद ब्यूंचाओकेटे ने चौथे वरीय रूस के आंद्रेई रुब्लेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

जोशीले प्रदर्शन के बावजूद, 22 वर्षीय खिलाड़ी शीर्ष वरीय इतालवी खिलाड़ी को मात देने में असमर्थ रहे और 6-3, 7-6(3) से हार गए। शुरुआती सेट में स्कोरलाइन 2-2 पर पहुंचने के बाद, सिनर ने ब्यूंचाओकेटे की





सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बनाकर सेट पर नियंत्रण हासिल करना शुरू कर दिया। हालांकि अंडरडॉग एक गेम जीतने में कामयाब रहा, लेकिन सिनर ने सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट ज्यादा प्रतिस्पर्धी था, जिसमें ब्यूंचाओकेटे ने 6-6 तक अपनी पकड़ बनाए रखी, उसके बाद 2024 यूएस ओपन चैंपियन ने महत्वपूर्ण टाईब्रेक जीता।

ब्यूंचाओकेटे ने कहा, सिनर ने मुझ पर बहुत दबाव डाला। आज मेरी सर्विस बहुत खराब थी, संभवतः सप्ताह की सबसे खराब, लेकिन मैंने मैच के दौरान खुद को एडजस्ट करने की कोशिश की। शायद मैं इन गहन मैचों के बाद बहुत थक गया था।

सिनर ने कहा, ब्यूंचाओकेटे एक बहुत ही ठोस खिलाड़ी है। उसने पिछले कुछ महीनों में सफलता हासिल की है, और मुझे उम्मीद है कि वह आगे भी अच्छा प्रदर्शन करेगा। सिनर फाइनल में विश्व नंबर 3 स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ का सामना करने के लिए तैयार है, जिन्होंने विश्व नंबर 5 रूस के दानिल मेदवेदेव को 7-5, 6-3 से हराया। अल्काराज़ ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि मैंने अच्छा खेला। जाहिर है, अगर मैं दानिल को हराना चाहता हूं, तो मुझे उच्च गुणवत्ता वाला टेनिस खेलना होगा। बीजिंग में अपने पहले फाइनल में पहुंचकर वाकई बहुत खुश हूं।

चीनी दिग्गज झांग शुआई, जिन्हें चाइना ओपन से पहले लगातार 24 मैच हारने पड़े थे, ने 23वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्दालेना फ्रेच को 6-4, 6-2 से हराकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। झांग ने कहा, मैं चाइना ओपन में फिर से अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरूवार 03 अक्टूबर 2024




रीवा जिले में 17 सितंबर से चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का आज समापन किया गया। नगर निगम के टाउन हाल में आयोजित समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्व. लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।



## प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को संस्कार और संस्कृति बनाया : उप मुख्यमंत्री

### नगर निगम के सबसे साफ-सुथरे वार्ड को मिलेगा 15 लाख रुपये का पुरस्कार

**रीवा।** जिले भर में 17 सितंबर से चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का आज समापन किया गया। नगर निगम के टाउन हाल में आयोजित समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्व. लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता आन्दोलन को देश की आजादी की लड़ाई का हथियार बनाया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता की अलख पूरे देश में जगाई। समग्र स्वच्छता अभियान से देश में साफ-सफाई बढ़ने, स्वास्थ्य में सुधार, रोगों पर नियंत्रण के साथ-साथ हमारी मानसिकता में भी सुधार हुआ है। स्वच्छता के लिए देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाये गये हैं। प्रधानमंत्री जी ने शहरों और प्रदेशों के बीच स्वच्छता के लिए प्रतिस्पर्धा करा दी है। इसमें हमारे प्रदेश का इंदौर नगर लगातार 7वीं बार चैम्पियन बना है। प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से स्वच्छता केवल आदत ही नहीं संस्कार और




संस्कृति बन गया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम रीवा स्वच्छता के लिए अच्छे प्रयास कर रहा है। रीवा को सुंदर और विकसित बनाने के लिए सड़कें, फ्लाईओवर तथा अन्य बड़े निर्माण कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इनके साथ-साथ स्वच्छता का रहना भी आवश्यक है। शहर को हरा-भरा और साफ-सुथरा रखना हर शहरवासी की जिम्मेदारी है। आयुक्त नगर निगम ने स्वच्छता के लिए स्कूलों के मध्य प्रतिस्पर्धा कराकर सराहनीय पहल की है। नगर के सभी पार्षदगण अपने-अपने वार्डों को साफ-सुथरा रखने के लिए जन सहयोग से प्रयास करें। स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले वार्ड को विधायक निधि से प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 लाख रुपए दिए जाएंगे। द्वितीय पुरस्कार के रूप में 7 लाख रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 5 लाख रुपए का दिया जाएगा। हर व्यक्ति मिलकर रीवा को विकसित और व्यवस्थित बनाएं।

समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि स्वच्छता शहर और जिले को सुंदर बनाने के साथ-साथ स्वस्थ भी बनाती है। एक अध्ययन में बताया गया है कि स्वच्छता अभियान के बाद गंदगी के कारण होने वाले रोगों पर नियंत्रण हुआ है जिससे हर परिवार की एक साल में लगभग 50 हजार रुपए की बचत हो रही है। यह राशि पहले रोगों के उपचार में खर्च हो जाती थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता की लड़ाई लड़ी। आजादी के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोगों को जागरूक और प्रेरित करके स्वच्छता अभियान से जोड़ा।

समारोह में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इस अवधि में प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। रीवा शहर के 45 स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों के बीच में स्वच्छता की प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य जाँच के लिए निःशुल्क शिविर लगाए गए। सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा आमजनों ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। नगर निगम में शीघ्र ही आधुनिक स्वीपिंग मशीन मंगाई जा रही है। स्वच्छता अभियान की निगरानी के लिए नगर निगम मे कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। स्वच्छता संबंधी शिकायतें दर्ज करने के लिए मोबाइल एप शीघ्र ही शुरू किया जा रहा है।

समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेंन्द्र मोदी के स्वच्छता सेवा अभियान के उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। समारोह में उप मुख्यमंत्री तथा सांसद ने कन्यापूजन करके बेटियों का सम्मान किया। समारोह में स्वच्छता ही सेवा अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले सफाई मित्रों अमिता साकेत, श्यामकुमारी समुद्रे तथा रामावतार विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अभियान के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में सबसे स्वच्छ विद्यालय का प्रथम पुरस्कार केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक, द्वितीय पुरस्कार केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक दो तथा तृतीय पुरस्कार सैनिक स्कूल को प्राप्त हुआ।

## गांधी जयंती पर पाँच बंदियों को किया गया रिहा

**रीवा।** गांधी जयंती के अवसर पर सेंट्रल जेल रीवा से पाँच बंदी रिहा किए गए। इस संबंध में जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि अच्छे आचरण के कारण राज्य सरकार की सजा में माफी योजना का लाभ पाकर आजीवन कारावास की सजा काट रहे पाँच बंदियों को आज रिहा किया गया है। इन बंदियों को श्रीफल, रिहाई प्रमाण पत्र तथा उनके द्वारा जेल में किए गए श्रम की पारिश्रमिक राशि की बैंक पास बुक प्रदान की गई। इन बंदियों को स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण भी दिया गया है। रिहा होने के बाद सभी बंदी अपने परिजनों के साथ सामान्य जीवन बिताने के लिए जेल से रवाना हुए।

## आलू उत्पादन संबंधी बैठक आज

**रीवा।** जिले में उद्यानिकी फसलों तथा आलू उत्पादन की प्रबल संभावनाएं हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 3 अक्टूबर को आयोजित बैठक में विचार मंथन किया जाएगा। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे आरंभ होगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने किया प्रसूति प्रतीक्षा कक्ष का लोकार्पण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में प्रसूति प्रतीक्षा कक्ष का लोकार्पण किया। इस आधुनिक सुविधाओं से युक्त कक्ष में जिला अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को प्रसव के पूर्व ठहरने, जाँच और देखभाल की सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रसव का समय नजदीक आने पर कई बार महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रसव का समय नजदीक आने पर गर्भवती महिलाएं प्रसूति प्रतीक्षा कक्ष में डॉक्टरों और नर्सों की निगरानी में रहेंगी। उन्हें प्रसव पीड़ा होने पर तत्काल लेबर रूम ले जाकर प्रसव कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने प्रसूति प्रतीक्षा कक्ष में भर्ती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव की शुभकामना देते हुए फलों की टोकरी भेंट की। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ एमएल गुप्ता, अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने जन औषधि केन्द्र जाकर स्वयं ली दवाएं



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में संचालित जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने जन औषधि केन्द्र से स्वयं दवा लेकर खाई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जन औषधि केन्द्र में अन्य दुकानों की तुलना में काफी कम दामों में अच्छी गुणवत्ता की दवायें दी जा रही हैं। दुकान के संचालक ने बताया कि जन औषधि केन्द्र में अन्य दुकानों की तुलना में 60 से 80 प्रतिशत तक कम दाम में दवायें दी जा रही हैं। आसपास की बस्ती के बड़ी संख्या में मरीज इससे दवा लेने आ रहे हैं। शहर में चार स्थानों पर जन औषधि केन्द्र संचालित हैं। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ एमएल गुप्ता उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता संबंधी बैठक 4 अक्टूबर को

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 4 अक्टूबर को आयोजित बैठक में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तैयारियों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 10.30 बजे आरंभ होगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता रीवा में 19 से 23 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता 14 वर्ष एवं 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में बालक एवं बालिकाओं के लिए आयोजित की जाएगी। बैठक में मैदान की व्यवस्था, खिलाड़ियों के आवास, भोजन तथा परिवहन की व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## 15 एकड़ में बनेगा संस्कृत विश्वविद्यालय का भव्य परिसर : शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग मंदिर में आयोजित बैठक में संस्कृत विश्वविद्यालय के रीवा परिसर की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय अब आकार ले रहा है। इसमें 80 विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है। कक्षाएं संचालित करने के लिए दो दिवस में पाँच कक्ष तैयार कर दें। विद्यार्थियों के रहने और भोजन की भी समुचित व्यवस्था हो गई है। जब तक स्थाई रूप से प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं



हो जाती है तब तक शहर के 20 संस्कृत विद्वानों ने विद्यार्थियों को संस्कृत ज्ञान देने का संकल्प लिया है। लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर के समीप नदी के उस पार स्थित 32 एकड़ भूमि में से 15 एकड़ भूमि में संस्कृत विश्वविद्यालय का भव्य परिसर बनाया जाएगा। यह परिसर रीवा के संस्कृत ज्ञान की परंपरा को पुनः स्थापित करेगा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि कक्षाएं संचालित करने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। विद्यार्थियों के आवास तथा भोजन की व्यवस्था के लिए परिसर प्रभारी एवं भोजन बनाने वालों की नियुक्ति कर दी गई है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर डॉ अनुराग तिवारी ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, परिसर प्रभारी तुलसीदास परौहा, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह तथा संस्कृत विद्वान शामिल हुए।

## रीवा की सुंदरता और गौरव का केंद्र बनेगा अटल पार्क : वेंकटेश

**रीवा।** भाजपा नेता रीवा नगर निगम के अध्यक्ष वेंकटेश पांडे ने रीवा नगर को अटल पार्क की सौगात मिलनेपर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि आज रीवा विकास की नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है शहर आधुनिक रूप ले रहा है रीवा नगर के विकास शिल्पी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रयासों से रीवा आधुनिकता के साथ सामाजिक सरोकारों को भी पूरा कर रहा है अटल पार्कहमारे लिए ऐतिहासिक सौगात इसलिए है कि हमें पता है बेहतर शहर बनाने के लिए सड़के रेल नेटवर्क के साथ सुंदर पार्क भी नगर के विकास में चार चांद लगाते हैं एयरपोर्ट की भी सौगात जल्द शहर वासियों को मिलने वाली है आज रीवा नगर का कायाकल्प हो रहा है नवीन और विकसित रीवा मैं प्रगति की नीति नए पंख लग रहे हैं उपमुख्यमंत्री जी ने रीवा को सुंदर और सर्व सुविधा युक्त शहर बनाने का जो संकल्प लिया है उसका सुंदर स्वरूपअटल पार्क है उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर को शाम 6ः00 बजे अटल पार्क का लोकार्पण प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा वरिष्ठ विधायक नागेंद्र सिंह देवराज सिंह सिद्धार्थ तिवारी नरेंद्र प्रजापति संभागीय कमिश्नररीवा कलेक्टर के द्वारा किया जाएगा साथ ही देश के प्रसिद्ध सूफी गायक कैलाश खेर अपनी सुंदर प्रस्तुति से नगर वासियों को मंत्र मुक्त करेंगे भाजपा नेता विवेक दुबे कमलेश सचदेवाउमाशंकर पटेल प्रबोद व्यास राजगोपाल चारी नरेंद्र गुप्ता योगेंद्र शुक्ला राजीव खंडेलवाल शेखर सचदेवा प्रकाश सोनी शिवम द्विवेदी शाहित् भाजपा नेताओं नेरीवा नगर वासियों से कार्यक्रम पहुंचने की अपील की है

## पीएम किसान उत्सव 5 अक्टूबर को

**रीवा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त के वितरण के लिए 5 अक्टूबर को पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से सिंगल क्लिक से किसानों के बैंक खाते में जारी करेंगे। कार्यक्रम का जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सजीव प्रसारण किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, एसडीएम तथा तहसीलदारों को कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

## इंटक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

**रीवा।** जिला राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक रीवा म.प्र.द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर इंटक रीवा द्वारा गोष्ठी का आयोजन गुढ़ रोड रीवा में किया गया। गोष्ठी के प्रारम्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धसुमन अर्पित कर उनकी देशभक्ति जनसेवा को उपस्थित जनों ने याद किया। इंटक के अध्यक्ष जी.पी.त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी जी चाहते थे कि भारत मे गरीब से गरीब व्यक्ति यह अनुभव करे यह देश उनका है जिससे किसी प्रकार का छूआछूत न हो तथा नशा खोरी जैसी बुराईयों के लिये कोई स्थान न हो, गांधी जी के स्वराज्य का ध्येय देश की सभ्यता की विशेषता को अक्षुण्य बनाये रखना था तथा शास्त्री जी ने भारतीय स्वधीनता संग्राम में प्रमुख भूमिका निभाई थी आंदोलनो में उनकी सक्रिय भागीदारी के कारण कई बार जेल भी जाना पड़ा और देश में किसानों व जवानो के हित को ध्यान में रखते हुये जय जवान जय किसान का नारा भी दिया।

## उप मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर तथा नवीन ओपीडी भवन निर्माण का किया निरीक्षण




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शहर में भ्रमण के दौरान कोठी कंपाउंड में शिव मंदिर के विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा शहर के हृदय स्थल में स्थित मनकामेश्वर शिव मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह श्रद्धालुओं के साथ-साथ पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। इसका निर्माण कार्य जिस तेजी से शुरू किया गया है उसी तेजी से इसे पूरा कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों के संबंध में मौके पर उपस्थित इंजीनियर तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन नवीन ओपीडी भवन का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शेष निर्माण कार्य 15 दिवस में पूरा कराएं। नया ओपीडी भवन जिले के रोगियों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। इसके लिए पलंग, चिकित्सा उपकरण तथा अन्य सामग्री क्रय कर ली गई हैं। निर्माण कार्य पूरा होते ही यह आमजनता के उपयोग के लिए उपलब्ध हो जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ एमएल गुप्ता तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं व्यापारी मण्डल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री सिविल लाइन अटल पार्क का आज करेंगे लोकार्पण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल सिविल लाइन रीवा में 3 अक्टूबर को नवनिर्मित अटल पार्क का लोकार्पण करेंगे। इसका निर्माण मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुनर्घनत्वीकरण के तहत कराया गया है। समारोह की अध्यक्षता सांसद श्री जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति तथा विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी शामिल होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रीवा संभाग के कमिश्नर श्री बीएस जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पार्षद वार्ड क्रमांक 7 श्रीमती अर्चना शिवदत्त पाण्डेय भी शामिल होंगी। समारोह शाम 6 बजे आरंभ होगा। लोकार्पण समारोह में सुप्रसिद्ध गायक श्री कैलाश खेर एवं उनके साथी कलाकार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर कार्यालयों में स्वच्छता के लिए हुआ श्रमदान

**रीवा।** जिले भर में स्वच्छता पखवाड़े का समापन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर संभागीय मुख्यालय के कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान करके राष्ट्रपिता को नमन किया। कार्यालयों में सुबह 7 बजे से 10 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिल्पी प्लाजा बी ब्लॉक में संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यालय के कक्षों तथा परिसर की साफ-सफाई की। इसी भवन में जल जीवन मिशन कार्यालय में भी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अभिलेखों को व्यवस्थित करने तथा कार्यालय परिसर की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। जिला श्रम पदाधिकारी



कार्यालय, जिला रोजगार कार्यालय, जिला बाल श्रम कार्यालय में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यालय को व्यवस्थित करने तथा साफ-सुथरा रखने के संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद के निर्देशों का पालन करते हुए संभागीय कार्यालयों में भी साफ-सफाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ कार्यालय परिसर में साफ-सफाई कराई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। इसी तरह जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग में भी अधिकारियों-कर्मचारियों ने साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के जिला कार्यालय तथा विकासखण्ड कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली तथा परिसर की साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। जिले के सभी छात्रावासों में भी साफ-सफाई की गई।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833